संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें
13 दिसंबर 2025, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 079
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस


### रांची समेत कई जिलों में कनकनी बढ़ी

**रांची ।** रांची सहित झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को आंशिक बादल छाये रहे, जिसके कारण राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर ठंड और कनकनी का असर महसूस किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह स्थिति झारखंड के निचले क्षोभ मंडल में उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में बहने वाली हवाओं के कारण बनी है।

## कोयला के अवैध कारोबार को लेकर धनबाद और कोलकाता में ईडी की छापेमारी

### बीसीसीएल के डेको आउटसोर्सिंग से जुड़े डायरेक्टर और पदाधिकारी के यहां चल रही है जांच

**कोलकाता में गोदावरी कंपनी के डायरेक्टर के घर भी हो रही है छापेमारी**



**संवाददाता**

**धनबाद ।** कोयला के अवैध कारोबारियों पर शुक्रवार को एक बार फिर पर्वतन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने शुक्रवार की सुबह लाव लश्कर के साथ धनबाद और पश्चिम बंगाल (कोलकाता) में दबिश दी। धनबाद में बीसीसीएल की आउटसोर्सिंग कंपनी डेको सहित बंगाल में ईडी की छापेमारी चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार धनबाद में आठ ठिकानों पर छापेमारी की गई है। पश्चिम बंगाल के भी कुछ स्थानों पर ईडी की टीम छानबीन कर रही है।

शुक्रवार की सुबह- सुबह पूरी तैयारी के साथ पहुंची ईडी की टीम सबसे पहले धनसार स्थित कोयला आउटसोर्सिंग कंपनी डेको के कार्यालय में दबिश दी। कंपनी के मालिक के आवास के साथ-साथ डेको के कंपनी निदेशक भेलाटांड रोड स्थित ट्रिनिटी गार्डन अपार्टमेंट में स्थित एक फ्लैट में दल-बल के साथ पहुंची। कमरे को बंद कर अंदर घंटो जांच पड़ताल की गई, व दस्तावेज खंगाले गए।

कोलकाता में माइनिंग से जुड़ी गोदावरी कंपनी के निदेशक के घर भी साथ-साथ छापेमारी चल रही है। ईडी की यह कार्रवाई कोयला कारोबारियों के साथ-साथ कोयला ट्रांस्पोटरों से भी जुड़ा है। टीम को प्रारंभिक जांच में अवैध कोयला खनन, तस्करी और धन शोधन से जुड़े वित्तीय दस्तावेज, डिजिटल डेटा और अन्य साक्ष्य मिले हैं। ईडी की टीम जीएसटी और टैक्स संबंधी अनियमितताओं की भी जांच कर रही है।

**इन के घर-दफ्तार पर ईडी की दबिश**

डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक मनोज अग्रवाल, निदेशक एएन झा के साथ-साथ कोयला कारोबारी इंद्रराज भदौरिया, सुधीर चौटाला गोदावरी कंपनी के निदेशक के घर व दफ्तर पर छापेमारी चल रही है। मालूम हो कि 21 नवंबर को धनबाद और पश्चिम बंगाल में 40 स्थानों पर बड़े पैमाने पर ईडी ने कार्रवाई की थी। इसमें कोयला कारोबारी अनिल गोयल और लालबाबू सिंह के ठिकानों पर कार्रवाई हुई थी। छापेमारी में मिले दस्तावेज व अन्य जानकारी के आधार पर आज की कार्रवाई चल रही है। कार्रवाई को कोयला कारोबार में अनियमितता तथा मनी लॉन्ड्रिंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

### कफ सीरप मामले में ईडी की झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात में छापेमारी




**रांची (संवाददाता)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जानलेवा कफ सीरप की खरीद-बिक्री से जुड़े 1000 करोड़ रुपये के अवैध कारोबार की जांच के तहत झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। रांची के तुपुदाना स्थित शैली ट्रेडर्स में भी सुबह से ही ईडी की कार्रवाई जारी है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लखनऊ, बनारस, जौनपुर, सहारनपुर, अहमदाबाद और रांची सहित कई शहरों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। जांच के दायरे में कफ सीरप के अवैध व्यापार से जुड़े कारोबारी और चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं।

झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित शैली ट्रेडर्स के संचालक भोला प्रसाद के प्रतिष्ठान और उनके फ्लैट में भी ईडी की टीम तलाशी ले रही है। भोला प्रसाद बनारस पुलिस में दर्ज एक प्राथमिकी में आरोपित हैं और अवैध कफ सीरप मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के रिश्तेदार बताए जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, शैली ट्रेडर्स का यह प्रतिष्ठान भोला प्रसाद ने भिलाई केमिकल के संचालक जगन्नाथ साहू से किराये पर लिया था। कुछ दिनों पहले बनारस पुलिस ने यहां छापेमारी की थी, लेकिन कफ सीरप की बरामदगी किसी अन्य स्थान से हुई थी।

तुपुदाना ओपी में इस मामले में एक दिन पहले औषधि नियंत्रक शैल अंबष्ट के बयान पर भोला प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। वहीं, भोला प्रसाद ने भी ऑनलाइन शिकायत देकर औषधि विभाग के अधिकारियों पर 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। ईडी की यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत चल रही व्यापक जांच का हिस्सा है।

## यदि मतदाता सूची में गड़बड़ियां मिलें तो क्या आयोग आंख बंद कर ले?: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी अधिसूचना में 'माइग्रेशन' शब्द की व्याख्या केवल देश के अंदर के प्रवासन तक सीमित नहीं मानी जा सकती, बल्कि इसमें सीमा पार प्रवासन भी शामिल हो सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी उन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की जिनमें बिहार में एसआईआर को चुनौती देते हुए आरोप लगाया गया कि चुनाव आयोग नागरिकता पर शक के आधार पर लोगों को मतदाता सूची से हटाकर मताधिकार छीन रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसआईआर कोई नियमित प्रक्रिया नहीं है और बिहार में यह 2003 के बाद पहली बार किया गया। कोर्ट ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग मतदाता सूची की शुचिता बनाए रखने के लिए किसी 'शुद्धिकरण और छंटनी' की प्रक्रिया नहीं अपना सकता? यदि गड़बड़ियां मिलें तो क्या आयोग आंख बंद कर ले?

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि माइग्रेशन ट्रांस-कंट्री भी हो सकता है। यह केवल देश के अंदर का प्रवासन नहीं है। आजीविका और अन्य कारणों से लोग



विदेशी सीमाएं पार करते हैं। 'ब्रेन ड्रेन' भी प्रवासन ही है। पीठ की यह टिप्पणी वरिष्ठ वकील के उस तर्क के जवाब में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि चुनाव आयोग नागरिकता की जांच करना चाहता था, तो उसे 24 जून के आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए था। आदेश में एसआईआर का आधार केवल ÷तेजी से शहरीकरण÷ और ÷शिक्षा व आजीविका के लिए बार-बार होने वाला जनसंख्या का स्थानांतरण बताया गया था।

वकील ने दलील दी कि एसआईआर को विदेशी नागरिकों की पहचान से जोड़ना असंवैधानिक है, क्योंकि नागरिकता की जांच के लिए पहले से वैधानिक प्रक्रिया मौजूद है। उन्होंने कहा कि सिर्फ बीएलओ के संदेह पर किसी को मतदाता सूची से हटाना बेहद खतरनाक है। कोर्ट ने जवाब दिया कि उनकी टिप्पणियां अंतिम निष्कर्ष नहीं हैं बल्कि मुद्दे पर बेहतर तर्कों के लिए एक प्रयास हैं।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया 'गलत संदेह' पर आधारित है और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को अयोग्य घोषित करने की कोशिश है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का कर्तव्य मतदाता को सक्षम बनाना है, निष्क्रिय करना नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर को लागू करना ÷कॉपी-पेस्ट÷ जैसा है, जो चुनाव आयोग की ÷मस्तिष्क-प्रक्रिया की कमी÷ दर्शाता है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर तय की है, जब चुनाव आयोग अपनी विस्तृत प्रतिक्रिया देगा। अगले सप्ताह तमिलनाडु, केरल, पुदुचेरी, यूपी और पश्चिम बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई होगी।

## पहली बार 2027 में डिजिटली होगी जनगणना

- केंद्र ने 11,718 करोड़ मंजूर किए
- एक व्यक्ति की जनगणना पर आएगा 97 रुपए खर्च

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे। दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनगणना 2027 की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास होगा। जनगणना 2027 अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। जनगणना केंद्र का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के तहत इसे किया जाता है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। कोविड महामारी के कारण जनगणना 2021 आयोजित नहीं की जा सकी। इससे पहले 16 जून 2025 को जनगणना 2027 की राजपत्र अधिसूचना जारी की गई। जनगणना 2027 की अनुमानित लागत 11,718 करोड़ रुपये होगी

### संक्षिप्त खबरें

#### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना



**देवघर।** आज शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सपरिवार भव्य श्रृंगार पूजन किया और मंदिर में उपस्थित भक्तों के बीच दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर देवघर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। पूजन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर झा, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा तथा एसपी सौरभ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में बाबा बैद्यनाथ के प्रति श्रद्धालुओं की भीड़ रही और उपस्थित लोगों ने न्यायाधीश के दर्शन का लाभ उठाया।

#### अनिल शर्मा की रिहाई वाली याचिका खारिज

**रांची ।** रांची के कुख्यात अपराधी अनिल शर्मा को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है।हाईकोर्ट ने अनिल शर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें समय पूर्व रिहाई का आग्रह किया गया था।अनिल शर्मा रांची जेल में कैदी भोमा सिंह की हत्या से जुड़े मामले में सजा काट रहे हैं।इस मामले में अनिल शर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वह 28 साल से जेल में हैं और उसने अपनी रिहाई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। यह मामला 22 जनवरी 1999 का है, जब अनिल शर्मा ने रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद रहते हुए अन्य अपराधियों के साथ मिलकर कैदी भोमा सिंह की हत्या कर दी थी।अनिल शर्मा को दिल की बीमारी है और उन्होंने स्वास्थ कारणों से भी अपनी रिहाई की गुहार लगाई थी लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी।

#### विनेश फोगाट ने वापस लिया संन्यास

**पंचकूला ।** विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लेकर कुश्ती में लौटने का फैसला लिया है। वह 2028 में लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में हिस्सा लेना चाहती हैं। विनेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर इसकी जानकारी दी। विनेश 2024 के पेरिस ओलिंपिक में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय रेसलर बनी थीं।

## पाकुड़ : कल्याण विभाग में 12.38 करोड़ का घोटाला, कर्मियों व ठेकेदारों पर मामला दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़ ।** कल्याण विभाग में करोड़ों के महाघोटाले का खुलासा हुआ है। कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि विभाग के ही कुछ कर्मियों ने मिलीभगत कर खाता संख्या 11440445629 से 12 करोड़ 38 लाख 66 हजार रुपये की अवैध निकासी की है।8 दिसंबर को एसबीआई बाजार शाखा के प्रबंधक अभिनव कुमार ने कल्याण पदाधिकारी को फोन कर बताया कि उनके द्वारा भेजे गए एडवाइस में किया गया हस्ताक्षर बैंक में संग्रहीत हस्ताक्षर से मेल नहीं खा रहा है।

प्रबंधक ने यह भी बताया कि एडवाइस लेकर बैंक पहुंचा कर्मचारी अक्षय रविदास संदिग्ध लग रहा था। हस्ताक्षर संदिग्ध पाए जाने के तुरंत बाद विभाग का कंप्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार केवट और फिर कार्यालय अधीक्षक मानवेंद्र झा बैंक पहुंचे। अधीक्षक एडवाइस को अपने साथ ले गए और 'दूसरा एडवाइस लाने' की बात कहकर निकल गए। इधर शाखा प्रबंधक लगातार पदाधिकारी से संपर्क में थे, जबकि झा ने बैंक कर्मियों से कहा कि पदाधिकारी आवास चले गए हैं। इससे बैंक प्रबंधक का शक और बढ़ गया।

कल्याण पदाधिकारी ने जब इस मामले में कर्मियों से सख्ती से पूछताछ की, तो लगभग 15 घंटे बाद कंप्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार ने कबूल किया कि संदिग्ध एडवाइस को फाड़कर नष्ट कर दिया गया है।इसके बाद बैंक से 1 फरवरी 2025 से अब तक के खाते का पूरा विवरण मंगाया गया। इसकी जांच विभाग के कर्मचारियों राकेश रंजन सोरेन, मोहम्मद तहसीन और मोहम्मद ईर्तिका द्वारा की गई।

जांच में पाया गया कि कई एडवाइस में दर्ज पत्र संख्या, तिथि और निर्गत पंजी आपस में मेल नहीं खाते। इसी आधार पर 12.38 करोड़ रुपये के गबन की पुष्टि हुई।

एफआईआर में यह भी दर्ज है कि 1 फरवरी से पहले, तत्कालीन कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन के कार्यकाल में भी इसी तरह की फर्जी निकासी के संकेत मिले हैं। बैंक द्वारा भेजे गए 74 एडवाइस में से 7 एडवाइस ऐसे हैं, जिनकी तिथि और पंजी मिलान नहीं खाती। इसके अलावा आरोपी अक्षय रविदास को 4 दिसंबर को ही अनुसूचित जनजाति विद्यालय, डुमरचिर में विरमित कर दिया गया था, फिर भी वह 8 दिसंबर को एडवाइस लेकर बैंक पहुंचा– जिससे बड़े घोटाले की पुष्टि होती है। कल्याण पदाधिकारी ने कहा है कि एसबीआई अधिकारियों की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

सोची-समझी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों रुपये निकालने के आरोप में निम्नलिखित व्यक्तियों पर कांड संख्या 319/25, बीएनएस की धारा 316(4), 316(5), 318(4), 336(3), 338, 61(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है– कार्यालय अधीक्षक, मानवेंद्र झा, कंप्यूटर ऑपरेटर, सूरज कुमार केवट, अनुसेवक अक्षय रविदास, अन्य खाताधारी/लाभुक/फर्म, मुकेश कुमार, मिथु कुमार झा, मिंटू कुमार मिश्रा, शिव इंटरप्राइजेज, विप्लव साहा, वीणा देवी, निरंजन कुमार मिश्रा, पूर्णिमा कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीतम कुमार झा, प्रदीप कुमार झा, प्रताप रविदास, मनीषा मुर्मू, ज्ञानी देवी, राजेश कुमार दास, संगीता कुमारी, साहा इंटरप्राइजेज, चंदा देवी, अरुण कुमार गुप्ता, अमित कुमार अमर, आदित्य कुमार कश्यप, गौरव कुमार और लालू भास्कर। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## नवंबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत बढ़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** नवंबर में रिटेल महंगाई पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 0.71 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। इससे पहले अक्टूबर में ये 0.25 प्रतिशत पर थी, जो 19 साल में सबसे कम स्तर रहा था। नवंबर महीने में महंगाई में बढ़ोतरी सब्जियों, अंडें, मांस-मछली, मसालों, फ्यूल और लाइट की कीमतें बढने की वजह से हुई है। सरकार ने शुक्रवार, 12 दिसंबर को महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 5.02 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 3.91 प्रतिशत हो गई है। नवंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर -0.25 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 0.10 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 0.88 प्रतिशत से बढ़कर 1.40 प्रतिशत पर आ गई है।

अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई थी। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी थी। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई थी। यानी, ये करीब 14 साल का निचला स्तर रहा था। इससे पहले सितंबर में ये 1.44 प्रतिशत पर थी।

भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। हर नई सीपीआई सीरीज में बेस ईयर चेंज होता है।

## सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान बनाए : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे



हैं। राहुल ने कहा कि यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और हमारे बीच इस मामले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के कारण देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।

## तेजाब पीड़ितों को दिव्यांग श्रेणी में रखें : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में संशोधन करने पर विचार करने को कहा ताकि अपराधियों के तेजाब हमले के पीड़ितों को ''दिव्यांगजन'' की श्रेणी में शामिल किया जा सके और उन्हें कल्याणकारी उपायों का लाभ मिल सके। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार कानून में बदलाव पर विचार करने को तैयार है और उन्हें खुद इस अपराध के उस पहलू की जानकारी नहीं थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, भारत सरकार याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों पर विचार करे... सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों पर विचार किया जाएगा और एक उपयुक्त नीतिगत ढांचा तैयार किया जाएगा।

## देश में 5.50 करोड़ केस कोर्ट में पेंडिंग

### इनमें से 90 हजार सुप्रीम कोर्ट में, 25 हाईकोर्ट में 63 लाख मामले लंबित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि देशभर की अदालतों में कुल 5.49 करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक लिखित उत्तर में कहा कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में



90,897 मामले, देश के 25 हाई कोर्ट में 63,63,406 मामले और निचली अदालतों में 4,84,57,343 मामले लंबित हैं। यह आंकड़े 8 दिसंबर तक के हैं। मेघवाल ने बताया कि न्यायिक देरी कई कारणों की वजह से होती है- मामलों की जटिलता, सबूतों की प्रकृति, वकीलों, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों का सहयोग, तथा अदालतों में पर्याप्त ढांचे और स्टाफ की उपलब्धता जैसे कारक लंबित मामलों को बढ़ाते हैं।

## अन्ना हजारे करेंगे अपना आखिरी अनशन

**एजेंसी**

**मुंबई ।** अन्ना हजारे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में लोकायुक्त अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर आमरण अनशन की घोषणा की है। अन्ना 30 जनवरी से अपने गांव रालेगण सिद्धि में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। अन्ना ने इसे अपना आखिरी आंदोलन बताया है। दरअसल अन्ना 2022 में भी इस मांग को लेकर अन्ना अनशन पर बैठे



थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री की मध्यस्थता के बाद अनशन तोड़ा था।

## सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी : झारखंड ने पंजाब को 6 विकेट से हराया

**संवाददाता**

**रांची ।** मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए सुपर लीग मैच में झारखंड ने शानदार जीत दर्ज की। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलिल अरोड़ा के नाबाद 125 रन की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट पर 235 रन बनाए।झारखंड की ओर से सुशांत मिश्रा और बाल कृष्णा ने 2-2 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड की टीम ने दमदार बल्लेबाजी की और 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 237 रन बनाकर मैच जीत लिया। कुमार कुशाग्र 86 रन बनाकर अंत तक टिके रहे। उनके अलावा ईशान किशन ने 47, पंकज कुमार ने 39 और अनुकूल रॉय ने 37 रन जोड़े। पंजाब की ओर से संवीर सिंह और रमनदीप ने 1-1 विकेट लिया।




## दिल्ली में सुदेश महतो और चिराग पासवान की हुई मुलाकात, झारखंड पर चर्चा

**संवाददाता**

**रांची ।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के बीच शुक्रवार को दिल्ली में मुलाकात हुई। श्री पासवान के कार्यालय पर हुई मुलाक़ात में बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई का आदान-प्रदान हुआ। मुलाक़ात के दौरान झारखंड के राजनीतिक मुद्दों तथा विकास के संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी उपस्थित रहे। चिराग पासवान ने चंद्रप्रकाश चौधरी जी को उनके गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना,



किसानों को उचित मूल्य दिलाने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए अपने मंत्रालय के माध्यम से विशेष योजनाएं लागू करने का आश्वासन दिया।

संताल एक्सप्रेस



## निर्वाचन आयोग नगर निकायों के लिए आरक्षण रोस्टर को दे रहा अंतिम रूप

**रांची।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग सक्रिय हो गया है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग नगर निकायों के लिए आरक्षण रोस्टर को अंतिम रूप देने, मतदाता सूची के पुनरीक्षण तथा शहरी क्षेत्रों में पोलिंग बूथों के निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को गति दे रहे हैं। कई जिलों में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत स्तर पर विशेष बैठकों की संख्या बढ़ गई है। अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को चुनाव संबंधित तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

## धर्मांतरित आदिवासियों के 'दोहरे लाभ' के खिलाफ प्रदर्शन



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की के नेतृत्व में शुक्रवार को लोकभवन के समक्ष धर्मांतरित आदिवासियों द्वारा आरक्षण समेत अन्य सरकारी योजनाओं में मिल रहे 'दोहरे लाभ' के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पाहन ने पारंपरिक पूजा के साथ की।इसी दौरान समिति की महिला अध्यक्ष निशा भगत ने विरोध स्वरूप अपना मुंडन कराया।वक्ताओं ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है, लेकिन आरक्षण और योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर धर्मांतरित आदिवासी उठा रहे हैं। अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी परंपराएं और रुढ़िवादी प्रथाएं हैं, लेकिन धर्मांतरण के बाद इन परंपराओं से दूर हो चुके लोगों को आदिवासी सूची से डिलिस्ट किया जाना आवश्यक है।सामाजिक कार्यकर्ता जय मंगल उरांव ने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम परिवार आदिवासी बेटियों से शादी कर मायके से जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवा लेते हैं और आदिवासी समाज के लिए बनी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि झारखंड पांचवीं अनुसूची का राज्य है, फिर भी पेसा कानून आज तक लागू नहीं हो पाया।

## चार वर्षीय मासूम बच्चे की संदिग्ध मौत

**गिरिडीह।** जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र के मोसफडीह चंदनटांड में आज एक दिल को झकझोर देने वाली घटना घटित हुई। यहां एक चार वर्षीय मासूम बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मृतक बच्चे की मां ने अपने पति और सास ससुर पर ही बच्चे की हत्या करने का आरोप लगायी है। पचम्बा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है।मृतक बच्चा मोसफडीह निवासी राजन कुमार वर्मा का चार वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार वर्मा था। ऋषि की मौत की सूचना पर मोसफडीह पहुंचे ऋषि की मां ममता देवी और नाना सुरेश प्रसाद महतो ने ऋषि की हत्या का आरोप उसके पिता राजन कुमार, दादा अर्जुन महतो, दादी जितनी देवी समेत अन्य लोगों पर लगाया है।उन्होंने बताया कि ऋषि के पिता राजन वर्मा और माँ ममता देवी के बीच पिछले एक वर्ष से विवाद चल रहा है। ऋषि के पिता राजन अक्सर नशे की हालत में ममता और उसके बच्चों के साथ मारपीट करता था। कई बार इसे लेकर पंचायती हुई थी। लेकिन राजन की आदत में कोई सुधार होने से अजीज आकर ममता ने गांव के लोगों और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अपने मायके चली आयी थी लेकिन बेटा ऋषि को उसके पिता राजन ने अपने पास ही रख लिया था।

## अपराधियों ने डॉक्टर दम्पत्ति को बंधक बना लाखों की जेवरात व नगदी लुटे

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के इन दिनों अपराधियों के लिये काफी सेफ जोन बनता जा रहा है। यहां अपराधी अब रात के अंधेरे में नहीं बल्कि, दिन के उजाले में अपराध को अंजाम देकर बड़े ही शान से निकल जाते है और पुलिस हाथ मलती रह जाती है। इसी थाना क्षेत्र के द्वारपहारी में अहले सुबह तीन बाईक सवार अपराधियों ने एक डॉक्टर के घर को निशाना बनाया। अपराधियों ने उनके घर मे ही संचालित मेडिकल स्टोर और घर पर धावा बोलकर डॉक्टर दम्पत्ति को बंधक बना नगदी समेत लाखों के जेवरात की लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डॉ हरिंदर कुमार अहले सुबह मॉर्निंग वॉक से जैसे ही वापस लौटे, पूर्व से उनके मेडिकल स्टोर के समीप मौजूद बाइक सवार तीन अपराधी में से एक ने, दवा लेने की बात कह उनके साथ उनके घर में प्रवेश किया।

## जमीन कारोबारी लाला खान हत्याकांड मामले में सभी आरोपी बरी

**धनबाद ।** धनबाद वासेपुर के जमीन कारोबारी लाला खान हत्याकांड में शुक्रवार को जिला जज दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। लाला खान हत्या मामले में आज सात आरोपियों को बरी कर दिया गया। इस हत्याकांड में कुल 13 लोग नामजद थे। 6 लोगों की पहले ही बरी कर दिया गया था।आज बचे सात लोग बरी हो गये । मामले में अमन सिंह और आशीष रंजन भी नामजद थे,पर दोनों की पहले ही मौत हो चुकी है । धनबाद जिला जज दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत में साक्ष्य के अभाव में सात लोगों को बरी करने का फैसला दिया । जमीन कारोबारी लाला खान की हत्या 12 मई 2021 को कर दी गयी थी ।

## रांची प्रेस क्लब चुनाव आज, तैयारी पूरी

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** रांची प्रेस क्लब का चुनाव 13 दिसंबर शनिवार को होगा। मतदान सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक चलेगा। मतदान के बाद वोटों की गिनती की जाएगी। देर रात्रि तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। प्रेस क्लब के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ-साथ 10 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। प्रेस क्लब के सदस्यों में इस चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि इस बार कई पदों पर रिकॉर्ड संख्या में उम्मीदवार मैदान में हैं। इस बार पदवार उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के लिए छह उम्मीदवार, उपाध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार, सचिव पद के लिए पांच उम्मीदवार, संयुक्त सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार और कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। वहीं, कार्यकारिणी पदों पर सबसे बड़ी संख्या में 34 उम्मीदवार मैदान में उतरने से मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। इस चुनाव में कई ऐसे उम्मीदवार हैं जो वर्तमान कमेटी मैं शामिल है। रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन फिर से अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं सचिव पद के लिए निवर्तमान सचिव अमरकांत पुनः चुनाव मैदान में है। इसके अलावा संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत रतनलाल और कोषाध्यक्ष के लिए कुबेर सिंह फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। वही कार्यकारिणी सदस्यों मैं भी का कई सदस्य फिर से चुनाव मैदान में खड़े हैं और सदस्यों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।इस बार चुनाव में उतरने वाले अधिकतर प्रत्याशी अनुभव, योग्यता, कार्यकुशलता और सामाजिक समझ के आधार पर पहचाने जाते हैं। इसी वजह से मतदाताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इतने योग्य उम्मीदवारों में से किसे चुनें और किसे खारिज करें।

## धान खरीद केंद्रों को दी गई 4जी ई-पोस मशीन



**धनबाद।** धान खरीद केंद्रों ( धान अधिप्राप्ति केंद्र) को 4जी स्पीड वाली ई- पोस मशीन दी गई। डीसी के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में धान अधिप्राप्ति केंद्रों (पैक्स) के बीच 4जी ई-पोस मशीन का वितरण किया ।जिले में 18 धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं । सभी केंद्रों को अधिप्राप्ति यह मशीन दी गई। नई मशीन की गति अधिक होने के कारण धान खरीद की सभी प्रक्रिया में कम समय लगेगा और भुगतान भी शीघ्र होगा।मौके पर आपूर्ति विभाग के संदीप कुमार, अमित कुमार तथा विजन टेक्निकल के पिंटू कुमार सहित पैक्स के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बोकारो इंडस्ट्रियल कारिडोर के लिए वर्तमान सर्किल रेट से मिलेगा जमीन का मूल्य : उद्योग मंत्री

### बोकारो इंडस्ट्रियल कारिडोर का मामला विधायक श्वेता सिंह ने उठाया था





संताल एक्सप्रेस

**रांची।** बोकारो में अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कारिडोर के लिए वर्तमान सर्किल रेट से जमीन की दर तय होगी। यह निर्णय उद्योग विभाग के मंत्री संजय यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में बोकारो की विधायक श्वेता सिंह के अलावा उद्योग विभाग के सचिव, भू-अभिलेख झारखंड के निदेशक, निदेशक उद्योग, जियाडा के प्रबंध निदेशक, बोकारो के उपायुक्त व सेल बोकारो के नगर प्रशासक, मुख्य प्रबंधक मौजूद थे। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने गुरुवार को विधायक श्वेता सिंह के गैर सरकारी संकल्प पर सदन में किए गए अपने वादे के अनुसार अगले ही दिन यह बैठक की थी। इस बैठक में लिए गए निर्णय से वे विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराएंगे।विधायक श्वेता सिंह ने उठाया था मामला विधायक श्वेता सिंह ने गुरुवार को गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से बोकारो में अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कारिडोर के अंतर्गत प्रस्तावित इंटिग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर के निर्माण कार्य में हो रही देरी का मामला उठाया था। इस परियोजना के तहत 740 एकड़ जमीन के दर को लेकर इंटिग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर का प्रस्ताव वर्ष 2021 से लंबित है। बोकारो स्टील प्लांट ने भूमि का लागत मूल्य अत्यधिक निर्धारित किया है। इस पर राज्य सरकार को आपत्ति है। राज्य सरकार का कहना है कि मौजूदा सर्किल रेट से ही जमीन का मूल्य निर्धारण होना चाहिए। मंत्री संजय यादव ने भू-अभिलेख के निदेशक को निर्देशित किया कि वे उपायुक्त बोकारो से उक्त जमीन का मौजूदा सर्किल रेट लेकर उस अनुरूप विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजें। इस परियोजना को जल्द से जल्द लागू कराना है। मंत्री ने बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिनिधि को भी कहा कि इस परियोजना के लागू होने से बोकारो स्टील प्लांट को भी फायदा है। इससे सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति के साथ-साथ बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा।

## रामगढ़ में हत्या के विरोध में उग्र प्रदर्शन, हत्यारों की गिरफ्तारी व फांसी देने की मांग



संताल एक्सप्रेस

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले सोनू कुमार राम की हत्या के विरोध में शुक्रवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग सुभाष चौक पर एकत्र हुए और हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। प्रदर्शन में मृतक के परिवार के साथ कई स्थानीय नेता भी शामिल हुए। इसमें पूर्व छावनी परिषद उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह और कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान प्रमुख रूप से मौजूद थे। अनमोल सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह हत्या बेहद जघन्य अपराध है और इसमें एक व्यक्ति का हाथ होना संभव नहीं लगता। उन्होंने मांग की कि सभी आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा दिलाई जाए। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बताया कि दलित युवक की हत्या कर उसकी लाश को कई टुकड़ों में बांट दिया गया। आरोपित ने करीब 80 दिनों तक शव को घर में रखकर टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग स्थानों पर फेंका। उन्होंने इसे अमानवीय और क्रूर अपराध बताया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक (एसडीपीओ) हस्तक्षेप करें और मृतक के परिवार को आवास के लिए भूमि आवंटन कराएं। साथ ही सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा राशि, परिवार को पारिवारिक लाभ योजना और नगर परिषद में अनुबंध आधारित रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पीड़ित परिवार को प्रदान करने की मांग उठाई गई।

## झारखंड मिलेट मिशन का नाम अब होगा, झारखंड मडुआ क्रांति : शिल्पी



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड मिलेट मिशन अब झारखंड मडुआ क्रांति के नाम से जाना जाएगा। इसकी घोषणा राज्य की कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की है।गांव देहात में मडुआ के उत्पादन को लेकर किसानों का झुकाव और स्वीकार्यता के मद्दे नजर ये निर्णय लिया गया है। रांची के पशुपालन निदेशालय के सभागार में आयोजित झारखंड राज्य मिलेट मिशन के तहत लाभुकों को प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम को वो संबोधित कर रहीं थी। इस मौके पर मंत्री ने राज्य के 32 हजार 911 किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 15 करोड़ 63 लाख 24 हजार 900 रुपए की प्रोत्साहन राशि ऑन लाइन हस्तांतरित की। आपको बता दें कि साल 2024-25 में 18 हजार किसानों को मोटे अनाज की खेती पर प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला था।मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि विभाग के अधिकारियों को अगला लक्ष्य 60 हजार किसानों को मोटे अनाज की खेती पर प्रोत्साहन राशि देना निर्धारित किया है।पहले 20 हजार हेक्टेयर में मडुआ की खेती की जाती थी। आज ये बढ़कर 1 लाख हेक्टेयर के पार चला गया है।मडुआ की खेती में दूसरे फसल की तुलना में मुनाफा ज्यादा है।कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की तरह ही मडुआ अधिप्राप्ति केंद्र भी खोला जा रहा है। विभाग ने पहले चरण में गुमला,सिमडेगा और खूंटी जिला को इसके लिए चिन्हित किया है। इन जिलों के 17 लैंप्स पैक्स केंद्र के जरिए किसानों से मडुआ की अधिप्राप्ति की जाएगी। अगले एक सप्ताह में किसानों को ये सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है।मडुआ का दर बाजार दर के अनुसार ही तय किया जाएगा। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि विभाग का उद्देश्य सिर्फ मडुआ का उत्पादन बढ़ाना और किसानों को प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराना ही नहीं है बल्कि विभाग इन इलाकों में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर मडुआ के प्रोडक्ट को तैयार करना भी है। बाजार में लोगों की मांग के अनुरूप मडुआ के प्रोडक्ट को तैयार किया जाएगा। ये प्रोडक्ट अस्पताल,स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचाने की योजना है। बच्चों को शुरू से ही मोटे अनाज का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना विभाग का उद्देश्य है। एक समय में मोटे अनाज को गरीबों का भोजन कहा जाता था लेकिन अब हर वर्ग की थाली का ये पसंदीदा भोजन बन गया है।कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फील्ड में काम करने वाले कृषि विभाग के अधिकारियों को ईमानदारी से काम करने की सलाह दी है।उन्होंने कहा है कि गलत आंकड़ा देने की शिकायत उन तक पहुंची है,जिसकी वो जांच करवा रहीं है।अगर जांच के दौरान गलत आंकड़े की पुष्टि हुई तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर दुमका, रांची और खूंटी के किसान कार्यक्रम में शामिल हुए।मंच पर दुमका के किशोर कुमार मांझी और बुढ़मू के विनोद कुमार मुंडा ने मडुआ की खेती से हो रहे लाभ को किसानों के बीच साझा किया। इसके साथी ही कहा कि सरकार के द्वारा प्रोत्साहन राशि दिए जाने से उन्हें खेती करने में आर्थिक मदद मिल रही है। कार्यक्रम में कृषि निदेशक भोर सिंह यादव,समेति निदेशक विकास कुमार,उद्यान विभाग संयुक्त निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, विभागीय अधिकारी सहित किसान मौजूद रहें।

## फोर्थ ग्रेड बहाली में गड़बड़ी का आरोप, युवाओं का प्रदर्शन



संताल एक्सप्रेस

**पलामू।** पलामू में होने वाली फोर्थ ग्रेड बहाली में गड़बड़ी का आरोप लगाकर बड़ी संख्या में युवाओं ने शुक्रवार को समाहरणालय में प्रदर्शन किया। बाद में मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इससे पहले काली मंदिर रेडमा से रैली निकाली गयी। रेडमा चौक से होते हुए कचहरी चौक से होकर छहमुहान और फिर समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का समर्थन भीम आर्मी ने किया एवं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। युवाओं की मांगों में नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों की तत्काल जांच, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं परीक्षा-आधारित एवं दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई आदि शामिल हैं।प्रदर्शन में आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, प्रदेश प्रवक्ता राम कुमार रवि, भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष चंदू राम, संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

## गिरिडीह खनन विभाग के चार कर्मी कार्यमुक्त

**गिरिडीह।** भ्रष्टाचार के आरोप में खनन विभाग ने चार कर्मियों को कार्यमुक्त किया गया है। खान निदेशक ने यह बड़ी कार्यवाई की है। निदेशक ने जिन कर्मियों को कार्यमुक्त किया है उनमें खनन विभाग के कर्मी प्रकाश राम, सिद्धान्त कंधवे, सुनील राम एवं राजन कुमार शामिल है। खान निदेशक की इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं आज गिरिडीह सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विसपुते जिला खनन कार्यालय पहुंचे और काफी जांच पडताल किया है।

## बख्तियारपुर-राजगीर- तिलैया-कोडरमा-धनबाद रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**रांची /हाजीपुर ।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज बख्तियारपुर-राजगीर- तिलैया-कोडरमा-धनबाद रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली तथा रेलवे ट्रैक के रख-रखाव सहित संरक्षा एवं सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया । वापसी में, महाप्रबंधक महोदय द्वारा झाझा-किउल-राजेन्द्र पुल-बरौनी रेलखंड का भी विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । बंधुआ-कोडरमा-धनबाद रेलखंड के विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान ट्रेन की गति जब 150 किमी/घंटा तक पहुँची, तब भी ग्लास में पानी पूर्णतः स्थिर रहा÷ । यह धनबाद मंडल की उत्कृष्ट ट्रैक संरचना, सुदृढ़ पथ-रक्षण व्यवस्था तथा अत्याधुनिक रेलवे अवसंरचना की उच्च गुणवत्ता का स्पष्ट प्रमाण है। बेहतर सवारी गुणवत्ता धनबाद मंडल द्वारा अपनाई गई उन्नत प्रक्रियाओं, सतत रख-रखाव प्रबंधन तथा संरक्षा-उन्मुख कार्यप्रणाली का परिणाम है। निरीक्षण उपरांत महाप्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को रेल संरक्षा, सुरक्षा एवं यात्री सुविधा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।

## अवैध माइका कारोबार के खिलाफ कार्रवाई, चार गोदाम सील

**गिरिडीह।** अवैध माइका कारोबार के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन की टीम ने पांच माइका गोदामों में छापेमारी की।खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन के नेतृत्व में शुक्रवार को तिसरी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में संचालित माइका गोदामों में छापेमारी की गई। इस दौरान जहां गम्हारियाटांड के इंदरचौक स्थित पांच माइका गोदामों में छापेमारी के क्रम में चार गोदामों में भारी मात्रा में भंडारण किया माइका बरामद किया गया। वहीं पकरियाटांड स्थित गोदाम के बाद इंदरचौक स्थित तीन बड़े गौदामों में छापेमारी के क्रम में दो गोदाम में माइका बरामद हुआ। मौके से डफला, बेलचा, वजन करने वाला कांटा आदि जप्त किया गया।एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन, परिवहन और संग्रहण के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में तिसरी के पांच गोदामों में छापेमारी की गई जिसमें चार गोदामों में अवैध माइका पाया गया। जिसके बाद विधिवत जब्ती सूची बनाई गई और चारों गोदामों को सील किया गया है।

## अपना इलाज करा कर आराम करें बाबूलाल : इरफान



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी ने नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड की महागठबंधन की सरकार मजबूत है और हमारी सरकार किसी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई भी करती है। साथ ही जरूरतमंदों को न्याय भी देती है। मंत्री ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाबूलाल मरांडी अपना इलाज कराएं और आराम करें। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी हमेशा भ्रम, बंटवारा और राजनीतिक उथल-पुथल पैदा करने की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल की बातों से राज्य जनता अवगत है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की काबीलियत का परिणाम था कि भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री के पद से वंचित कर दिया था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड में अभूतपूर्व विकास का काम किया है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सभी क्षेत्रों में बड़े बदलाव हुए हैं। इसलिए बाबूलाल महागंठबंधन की सरकार को मुफ्त में सलाह देना बंद करें।

## बीस वर्षों से फरार नक्सली गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**गिरिडीह।** अर्धसैनिक बलो के सहयोग से बिहार एसटीएफ ने गिरिडीह की कैदी वाहन घटना में शामिल इनामी भाकपा माओवादी मोतीलाल किस्कू को संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया है। करीब 20 वर्षों से फ़रार इनामी नक्सली मोती लाल किस्कू को गिरिडीह के देवरी थाना इलाके से पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना पर फरार नक्सली मोती लाल को देवरी के गांव से गुरुवार रात में उस वक्त दबोचा गया जब वह अपने गांव में आराम फरमा रहा था। इसी दौरान जॉइंट ऑपरेशन में चकाई पुलिस और जवानों ने मोती लाल को दबोचा। जानकारी के अनुसार मोती लाल जमुई जिले के चकाई के चिहरा थाना इलाके के हरनी गांव का रहने वाला था ।

## केंदुआडीह गैस रिसाव रोकने के प्रयास हुए तेज



संताल एक्सप्रेस

**पुटकी ।** केंदुआडीह राजपूत बस्ती व निकटवर्ती स्थानों पर निकल रहे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस को नियंत्रित करने की प्रक्रिया बीसीसीएल ने तेज कर दी है। गुरुवार की रात कई स्थानों पर मापी में गैस की मात्रा कम मिली। वहीं केंदुआ 5 नंबर में 400 से 600 ब ओल्ड जीएम बंगला में 1600 पीपीएम की मात्रा मिली है। जियोलॉजिकल जांच के लिए डीजीएमएस ने बंद केंदुआडीह खदान के 13 व 14 नम्बर सिम के उपर बोर होल करने की अनुमति दे दी है। बोर होल करने के दरम्यान किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए बालू व अन्य सुरक्षा संबंधी उपकरण के जुगाड़ में बीसीसीएल जुट गई है।अधिकारियों ने बोर होल करने वाले सम्भावित स्थल का मुआयना किया। केंदुआ चिल्ड्रन पार्क के सौखी यादव की प्रतिमा के निकट सहित चार स्थानों पर बोर होल करने की योजना है। जियोलॉजिकल सर्वे व खनन करनेवाली एमईसीएल की टीम भी पहुंच गई है। मशाल जुलूस निकालने का निर्णय केंदुआ, करकेंद के व्यवसायी व राजपूत बस्ती के ग्रामीणों की बैठक करकेंद में हुई। बीसीसीएल की ओर से राहत व बचाव कार्य में शिथिलता बरतने पर नाराजगी जताई गई। निर्णय हुआ कि शनिवार की शाम को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के रणजीत मधेशिया,गोविंदा राउत, दीनानाथ सिंह, मो. जाहिद, उपेंद्र श्रीवास्तव, पंकज भुवानिया, राजेश गुप्ता, मोनू पाठक, मुकेश पासवान, आनंद खंडेलवाल, मुकेश पंडित, विजय बहादुर सिंह, राहुल गुप्ता आदि मौजूद थे।

## आईआईटी के प्रो सौरव सेनगुप्ता को मिला यंग इंजीनियर्स अवॉर्ड



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो सौरव सेनगुप्ता को देश के सबसे प्रतिष्ठित आईईएल यंग इंजीनियर्स अवॉर्ड 2020 के लिए चयनित किया गया है। यह अवॉर्ड शुरुआती-कैरियर के लिए सर्वश्रेष्ठ सम्मान माना जाता है। यह अवॉर्ड इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा दिया जाने वाला एक बड़ा सम्मान है। इसमें 35 साल से कम उम्र के उन युवा इंजीनियर्स को पहचान दी जाती है जिन्होंने इंजीनियरिंग रिसर्च, तकनीकी विकास, इनोवेशन, और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे क्षेत्रों में खास उपलब्धियां हासिल की हों। प्रो सेनगुप्ता का चयन इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने अपने रिसर्च और तकनीकी कार्यों से इंजीनियरिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संस्थान ने प्रो सौरव सेनगुप्ता को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और कहा है कि उनका यह सम्मान आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि संस्थान की मजबूत रिसर्च संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की परंपरा को और आगे बढ़ाती है।

## बंद आवास से नकदी व 15 लाख की आभूषण चोरी

**धनबाद ।** बाघमारा के बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र की हरिना कॉलोनी आलोक कुमार के बंद आवास का ताला तोड़कर ने चोरों गुरुवार की 10 हजार नकद रुपये एवं 15 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। आलोक कुमार बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय प्रबंधक (भू संपदा) के पद पर कार्यरत हैं। घटना के वक्त वे ड्यूटी पर थे और घर पर कोई नहीं था। घटना की शिकायत अधिकारी ने बरोरा थाना में की है। सूचना मिलने पर बरोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। अगल-बगल के लोगों ने कहा कि कब घटना को चोरों ने अंजाम दिया इसकी भनक नहीं लगी। गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया।पूछताछ के दौरान अलोक कुमार ने पुलिस को बताया कि11 दिसंबर को प्रात 9 बजे कार्यालय ड्यूटी पर गया था। रात्रि लगभग 09=18 बजे जब आवास पहुंचा, तो देखा कि मुख्य द्वार की कुंडी का कब्जा टूटा हुआ था।

## महिला हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुई सुनीता देवी हत्याकांड में तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारवास सजा सुनाई गई है। अदालत ने 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। हत्या पैसे के लेनदेन में की गई थी। घटना के बाद से ही महिला का पति फरार है। हत्या के तीनों अभियुक्तों आनंद महतो, राजेश नापित और छोटू महतो को कुमार मनीष की अदालत ने आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वही इस हत्या की साजिश में मृतका का पति कृष्ण कुमार अब तक फरार चल रहा है। 29 जून 2021 को कुर्मीडीह मां तारा रेस्टोरेंट में कालूबाथान संग्रामडीह निवासी स्टेशन मास्टर कृष्ण कुमार की पत्नी सुनीता देवी की हत्या कर दी गई थी। वही आरोपियों ने सबूत छुपाने के इरादे से शव को होटल के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया था। मामले का खुलासा तब हुआ जब मृतका की बेटी रेस्टोरेंट पहुंची और वहां पड़े चप्पल और दुपट्टा को पहचान लिया। बेटी की जानकारी पर पुलिस ने रेस्टोरेंट के सेप्टिक टैंक की तलाशी ली, जहां से सुनीता देवी का शव बरामद किया गया।

## छापेमारी में 13.43 टन अवैध कोयला जब्त



संताल एक्सप्रेस

**महागामा ।** ललमटिया क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर कड़ा शिकंजा कसते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने दो दिनों के भीतर बड़ी कार्रवाई की है। वहीं एरिया ईसीएल सुरक्षा टीम, सीआईएसएफ तथा ललमटिया पुलिस के संयुक्त अभियान में कुल 13.43 टन अवैध कोयला जब्त किया गया है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पहला छापामारी जनकपुर व नीमा गांव के समीप किया गया जिसमें 4.43 टन कोयला जब्त किया गया। एरिया ईसीएल सुरक्षा व सीआईएसएफ की टीम ने जनकपुर और नीमा गांव के समीप गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रेड मारी। टीम ने मौके पर अवैध खनन से जुड़े कई सुराग भी जुटाए हैं। वहीं दूसरी छापेमारी चित्रकोठी गांव के पास की गई जिसमें लगभग 9 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। ईसीएल एरिया सुरक्षा, सीआईएसएफ और ललमटिया पुलिस ने मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाया। इस छापेमारी से अवैध खनन नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ सहायक उपनिरीक्षक इंद्रदेव टूडू ने दी जानकारी वरिष्ठ एस आई इंद्रदेव टूडू ने बताया कि क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार को पूरी तरह खत्म करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार अभियान तेज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी ऐसे कड़े अभियान जारी रहेंगे, ताकि किसी भी हालत में अवैध खनन को बढ़ावा न मिले। दो दिनों में हुई इन बड़ी संयुक्त छापेमारी ने साबित कर दिया है कि प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अब अवैध खनन माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं हैं। इस कार्रवाई को ललमटिया क्षेत्र में अब तक की बड़ी बरामदगी में से एक माना जा रहा है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता व पारदर्शिता जरूरी : डीसी

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति एवं अनाबद्ध निधि के तहत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला योजना कार्यकारिणी समिति में पंचायत कुशमहरा, ग्राम भैरोचक में मेन रोड से भैरोचक गाँव तक पीसीसी सड़क निर्माण योजना का अनुमोदन, पंचायत कुशमहरा, ग्राम भैरोचक में इकराम घर से बिरेन्द्र रविदास घर तक नाला निर्माण योजना का अनुमोदन, पंचायत कुशमहरा, ग्राम भैरोचक में मेन रोड से कब्रिस्तान होते हुए पोखर तक पीसीसी सड़क निर्माण योजना का अनुमोदन से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 अंतर्गत जिला योजना अनाबद्ध निधि की योजनाओं का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के विरुद्ध विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत नई योजनाओं के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभागों को योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्राथमिकता वाले विभागों जैसे कि जिला योजना अनाबद्ध निधि, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क, ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, आरडब्ल्यूडी, भवन, एनआरईपी, आरसीडी अंतर्गत चल रहे योजनाओं के कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद कुमार अग्रवाल समेत सभी कार्यपालक अभियंता मौजूद रहे।



# मेहरमा के विवाह भवन में युवक का मिला शव

संताल एक्सप्रेस

**मेहरमा ।** प्रखंड के थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर स्थित सिंह विवाह भवन में गुरुवार को एक बंद कमरे से 40 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही विवाह भवन के संचालक अजय कुमार सिंह ने तत्काल मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर को जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और बंद कमरे का गेट तोड़कर शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान मुंगेर (बिहार) निवासी विजय कुमार सिंह (40) के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद सिंह के पुत्र थे। पुलिस को कमरे से सल्फास की गोलियां और शराब की खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया। मृतक के बड़े भाई संजय कुमार सिंह ने बताया कि विजय 2 दिसंबर को अपने रिश्तेदार के यहां टाटा में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से 9 दिसंबर को लौटने के बाद वह मेहरमा के गोविंदपुर स्थित सिंह विवाह भवन में रुके हुए थे। परिजनों को 12 दिसंबर की सुबह उनकी मौत की सूचना मिली। मृतक विजय कुमार सिंह रेलवे ग्रुप डी में कार्यरत थे और फिलहाल टाटा नगर में पदस्थापित थे।

## राष्ट्रीय लोकअदालत आज, सात न्यायिक बेंच गठित

**गोड्डा ।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान क्रिमिनल कंपाउंडेबल मामले, एनआई एक्ट, एमएसीटी, मेट्रोमोनियल, पारिवार न्यायालय के मामले, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, सिविल मामले, किराया के मामले, राजस्व के मामले, बैंक रीकवरी, बिजली, पानी बिल, सेल्स टेक्स, मानदेय व भत्ता, वन अधिनियम, एक्साईज, माप तौल, बिजली, क्रिमिनल अपील, सर्टिफिकेट सहित विभिन्न मामले का समझौता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर सात न्यायिक बेंच का गठन किया गया है।प्रथम न्यायिक बेंच परिवार न्यायालय परिसर में लगेगी। यहां पारिवारिक विवाद मेट्रोमोनियल, सीआरपीसी 125 के तहत मामले की सुनवाई होगी।

## विकास योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने की तैयारी : बीडीओ

**जामताड़ा।** जामताड़ा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अविक्षर मुर्मू की अध्यक्षता में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पंचायती राज योजनाओं सहित कई प्रमुख विकास कार्यों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। मनरेगा को लेकर बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को जॉब कार्डधारियों का 100 प्रतिशत ई-केवाईसी पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी लंबित रहने से मजदूरों के भुगतान में बाधा आती है, इसलिए इसे प्राथमिकता पर निपटाया जाए। महिलाओं की मजदूरी मांग बढ़ाने और मनरेगा के तहत अधिक से अधिक दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और अबुआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान बीडीओ ने कहा कि जिन लाभुकों को तीसरी किस्त मिल चुकी है, उनके आवास जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाएं। साथ ही लिंटर और प्लिंथ लेवल का अनिवार्य जियोटैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे मॉनिटरिंग और भुगतान प्रक्रिया सुचारू रहे। पंचायती राज से जुड़े कार्यों में सभी पंचायतों को ज्ञान केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बीपीआरओ महादेव पोद्दार, बीपीओ गोविंद कुमार, आवास समन्वयक राकेश महतो, कनीय अभियंता प्रशांत कुमार, शेर मोहम्मद, मुकेश कुमार समेत सभी पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उपस्थित रहे। बीडीओ ने साफ कहा कि योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय पर कार्य पूर्ण कर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास गति से आगे बढ़ेगा।

# नशा मुक्त समाज की ओर बड़ा कदम- डीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में नशामुक्ति अभियान को गति देने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को विधिवत रवाना किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद ने रथ को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, सिविल सर्जन डॉ. आनंद मोहन सोरेन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, समेत कई अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्त समाज ही स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव है। उन्होंने जिले के युवाओं और आमजनों से अपील करते हुए कहा कि नशे के दुष्प्रभाव गंभीर हैं, इसलिए इससे दूर रहें और दूसरों को भी नशे से दूर रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से यह जागरूकता रथ पूरे जिले में भ्रमण करेगा, जहाँ लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नुकसान और नशा छोड़ने के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान जिले में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।




## राष्ट्रीय बचत योजना से संबंधित बैठक



**गोड्डा ।** राष्ट्रीय बचत पदाधिकारी सह कोषागार पदाधिकारी विजय मिश्रा के द्वारा जिला पेंशन एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत राष्ट्रीय बचत योजना संबंधी बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध (बड्स) के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही बड्स एक्ट 2019 के बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय बचत योजनाएँ भारत सरकार द्वारा समर्थित निवेश योजनाएँ हैं, जो वित्त मंत्रालय द्वारा प्रशासित की जाती है और डाक विभाग व बैंकों के माध्यम से संचालित होती हैं। जिसका उद्देश्य लोगों, खासकर निम्न और मध्यम आय वर्ग को बचत करने और सुरक्षित निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है। इसका उदाहरण- राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ), सुकन्या समृद्धि योजना, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम (एससीएसएस) आदि है। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य इन योजनाओं के माध्यम से जिले में वित्तीय स्थिरता और बचत की संस्कृति को बढ़ावा देना है। मौके पर बैंक विभाग एवं पोस्ट ऑफिस विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मीगण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

**महागामा ।** अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए महागामा पुलिस प्रशासन फुल एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार की शाम महागामा थाना के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस ने सैकड़ों वाहनों की गहन जांच की। यह पूरा अभियान थाना प्रभारी मनोज पाल के निर्देश पर एएसआई अजय रवानी और एएसआई संजय सिंह के नेतृत्व में संचालित हुआ। पुलिस बल की तैनाती के साथ अभियान बेहद सख्ती और सतर्कता के साथ किया गया। जांच अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया, ऑटो, टोटो, टेंपो और पिकअप वाहनों को रोककर विभिन्न मानकों पर जांच की गई। पुलिस ने ब्रेथ एनालाइज़र से शराब सेवन की जांच, वाहनों की डिक्की की तलाशी, कागजातों की वैधता, दोपहिया पर हेलमेट, चारपहिया में सीट बेल्ट और ओवरलोडिंग जैसे मुख्य बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया। कई वाहन चालकों से मौके पर ही कागजात दिखाने को कहा गया। उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी गई, और आगे भी नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की बात कही गई।

## भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य धरोहर है

**करमाटांड़ ।** करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती राजा मंदिर ग्राउंड में जारी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में शुक्रवार को चौथे दिन श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह आरती के साथ ही जैसे ही घंटे-घड़ियाल और भजन की धुनें गूंजीं, आसपास के गांवों–नारायणपुर, इंदिराटांड़, ग्वालापड़ा मुरलीडीह, करमाटांड़ सहित कई क्षेत्रों से श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचने लगे। पूरा वातावरण हर-हर महादेव, राधे-राधे, जय श्रीराम और हरे कृष्णा के जयकारों से भक्ति रस में सराबोर हो उठा।कथा वाचिका तान्या शरण ने पारंपरिक मंगलाचरण, देवी-देवताओं की स्तुति और मंत्रोच्चारण के साथ कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य धरोहर है। यह ग्रंथ मन, वचन और कर्म को शुद्ध करता है तथा परिवार और समाज में प्रेम, एकता और समरसता स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भागवत कथा सुनता है, उसके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, श्रद्धा और भक्ति का संचार होता है। कथा के दौरान तान्या शरण ने हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद की कथा विस्तारपूर्वक सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार असुरराज हिरण्यकश्यप ने ईश्वर-भक्ति का विरोध किया, लेकिन छोटा बालक प्रहलाद अटूट भक्ति के बल पर हर परीक्षा में सफल हुआ। तान्या शरण ने कहा कि प्रहलाद का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची भक्ति में अद्भुत शक्ति होती है और भगवान सदा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।

## आवास योजनाओं को लेकर की बैठक



**नाला (जामताड़ा)।** शुक्रवार को नाला प्रखंड सभागार में विभिन्न आवास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर बीडीओ के निर्देश पर प्रखंड समन्वयक सह कल्याण पदाधिकारी सुबल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2023- 24 तथा 2024- 25 का अबुआ आवास तथा वर्ष 2024- 25 का पीएम आवास की प्रगति समीक्षा की ।बैठक के दौरान प्रखंड समन्वयक ने सभी पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों एवं कनीय अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया।बैठक के दौरान उन्होंने अबूआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं अंबेडकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि लाभुकों को समय पर भुगतान, निर्माण गुणवत्ता तथा जियो-टैगिंग कार्यों में किसी प्रकार की शिथीलता ना बरतें।इस अवसर पर पंचायत सचिव कृष्ण चंद्र पातर, उत्तम पाल, चंदन गगराई,निंदोल सोरेन नंदलाल सोरेन,सुजीत मरांडी, संगीता कुमारी, नीलिमा कुमारी, नरसिंह चौधरी, साधन माजी, उत्तम सोरेन, उज्जवल मंडल, सुकुमार घोष, दयानंद मरांडी, रविंद्र नाथ भूंई, साहित अन्य पंचायत सचिव, स्वयंसेवक, पंचायत सहायक, कनीय अभियंता आदि मौजूद थे।

## नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए छह खिलाड़ी चयनित



**गोड्डा ।** झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता में 6 खिलाड़ियों का चयन जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए किया गया है। बताया गया कि उक्त प्रतियोगिता 16 से 21 दिसंबर तक पिलानी, राजस्थान में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों में राशगुली कुमारी, आशा कुमारी, बसंती कुमारी, पूनम कुमारी, सोनाली मरांडी एवं मोनालिका कुमारी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का चयन झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के चयनकताओं द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए किया है। झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव उत्तम राज ने कहा कि हम इन खिलाड़ियों के चयन से बहुत खुश हैं। हमें उम्मीद है कि यह खिलाड़ी जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और झारखंड का नाम रोशन करेंगे। इन खिलाड़ियों आज समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा शुभकामनाएं दी गई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे मैडल प्राप्त करने प्रोत्साहित किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो सहित खेल प्रशिक्षक एवं खेल विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## एसआरटी कॉलेज में सेमिनार आयोजित




**मेहरमा ।** एसआरटी कॉलेज धमडी द्वारा युवाओं में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एवं निदान विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शंभु कुमार सिंह ने की। सेमिनार में संताल परगना कॉलेज के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष तथा मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक डॉ. विनोद कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. शंभु कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज की प्रमुख सामाजिक आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कॉलेज में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आरंभ अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहला अवसर है जब महाविद्यालय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर व्यापक चर्चा आयोजित की गई है। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि एक सभ्य, स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण के लिए मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आज मानसिक स्वास्थ्य घर-घर की समस्या बन चुकी है।

## कर्मचारियों की महा मिछिल में उठीं पाँच बड़ी मांगें



**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेल कारखाने का माहौल शुक्रवार को पूरी तरह आंदोलित दिखाई दिया, जब चित्तरंजन रेलवेमेंस कांग्रेस के नेतृत्व में एक विशाल महा मिछिल निकाला गया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी महत्वपूर्ण समस्याओं और वर्षों से लंबित मुद्दों पर जोरदार तरीके से आवाज उठाई। मिछिल के दौरान कर्मचारियों ने बैनरों और तख्तियों के माध्यम से संदेश दिया कि अब उनकी धैर्य सीमा समाप्त हो गई है और सरकार व प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। इस प्रदर्शन में पाँच प्रमुख माँगें उभरकर सामने आईं। जिसमें सबसे पहले, नए श्रम संहिता-2025 को पूरी तरह वापस लेने की मांग की गई। दूसरी बड़ी मांग भारतीय रेल में बढ़ते निजीकरण, विशेषकर सीएलडब्ल्यू में रोकने की रही। तीसरी प्रमुख आवाज एनपीएस/यूपीएस खत्म कर ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करने की रही। चौथी मांग 8वें वेतन आयोग के तुरंत कार्यान्वयन की रखी गई। पाँचवीं मांग में सीएलडब्ल्यू में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की बात प्रमुख रही। नेताओं में इंद्रजीत सिंह, संजीव कुमार शाही, नेपाल चक्रवर्ती, स्वागत भट्टाचार्य और अमरेश बर्धन ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन और व्यापक होगा। कार्यक्रम में यूनियन के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

## एएनसी जांच शिविर आयोजित



**मिहिजाम।** मिहिजाम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को माह का पहला विशेष एएनसी जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 44 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन, टीकाकरण और अन्य प्रसव पूर्व परीक्षण किए गए। साथ ही, महिलाओं को उचित पोषण, स्वच्छता और नियमित जांच के महत्व से भी अवगत कराया गया। शिविर का संचालन डॉ. विशाल कुमार दशौंधी की देखरेख में हुआ। उनके साथ फार्मासिस्ट श्याम किशोर रविदास, एएनएम वीणा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनामुनी किस्कू, तथा स्वास्थ्य कर्मी बुद्धिनाथ पुजहर, पप्पू यादव, अलिता मरांडी, सतीश कुमार साव, उतरा राय आदि मौजूद रहे। पीएचसी प्रबंधन ने बताया कि अगला विशेष एएनसी शिविर 26 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिससे गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य लाभ मिलता रहेगा।

## मशरूम खेती को लेकर आयोजित प्रशिक्षण शिविर का समापन



संताल एक्सप्रेस

**नाला( जामताड़ा)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वाधान में नाला प्रखंड अंतर्गत दलाबड़ पंचायत सचिवालय में महिला तथा पुरुष कृषकों का पांच दिवसीय मशरूम खेती का प्रशिक्षण शुक्रवार को विधिवत रूप से समापन हुआ। उद्यान मित्र अजय कुमार मंडल की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू मौजूद रही। इस दौरान प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू तथा मुखिया साविका मुखिया प्रतिनिधि गुपीन सोरेन प्रशिक्षक पूजा कुमारी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान की गई। मालूम हो कि महिला एवं पुरुष किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मशरूम की खेती का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस संबंध में प्रशिक्षक पूजा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज समापन दिवस के प्रशिक्षण में खासकर महिलाओं एवं पुरुष को सभी कोटी के मशरूम खेती की तकनीकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उद्यान मित्र अजय कुमार मंडल, आनंद मंडल ,रूपा घोष, मिठू मंडल, दिवाकर घोष, ललन घोष,उत्तम कुमार मंडल ,जयंती घोष, मामनी ठाकुर ,रिंकू पाल, चांदी मंडल, सुमित्रा सोरेन,नदिया नंद घोष, प्रदीप कुमार पाल, आलोक मंडल, रंजीत कुमार माजी सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद थे।

## जल जांच एवं जल गुणवत्ता निगरानी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पोड़ैयाहाट ।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोड्डा में जल जीवन मिशन के तहत सभी जलसहिया के प्रखंडवार निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड सभागार पोड़ैयाहाट में एफटीके किट के माध्यम से जल जांच एवं जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण विषय पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-गोड्डा के द्वारा की गई।जल गुणवत्ता विषय के प्रशिक्षण में सभी जलसहिया को संबोधित करते हुए संजय कुमार शर्मा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोड्डा के द्वारा बताया गया कि निरंतर जल जाँच कर पोर्टल पर जल जाँच परिणाम को अपलोड़ किया जाना है। गया है वो इस सप्ताह में ऑनलाईन डब्लूक्यूएमआईएस पोर्टल में प्रविष्टि अवश्य कर ले। ज़िला समन्वयक आईईसी शत्रुघ्न प्रसाद के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत अन्य सभी अवयवो पर प्रशिक्षण के क्रम में पानी समिति का खाता खोलने, झारजाल में माहवार निर्धारित कार्य की प्रविष्टि, योजनाओं का हैंडओवर, संचालन आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संजीव कुमार, लैब सहायक-ढ्ढू एवं निलेश कुमार, माइक्रो बियोलॉजिस्ट जिला जल जांच प्रयोगशाला गोड्डा के द्वारा विस्तार पूर्वक से सभी 12 पैरामीटर यथा पी.एच, टरबीडीटी, कुल कठोरता, क्लोराइड, क्षारीयता,लोह तत्व, नाइट्रेट,क्लोराइड, फास्फेट, अमोनिया, सल्फेट आदि का जल जाँच एक एक कर प्रदर्शन कर जलसहिया को साथ मे जाँच करवाते हुए बताया गया। मौके पर प्रशिक्षण में सभी जलसहिया एवं बोआरीजोर एवं प्रखंड वास समन्वयक उपस्थित रहे।

## विद्युत की अवैध चोरी को लेकर 6 लोगों के विरूद्ध आवेदन

**नाला जामताड़ा।** विद्युत ऊर्जा की अवैध चोरी को लेकर 6 लोगों के विरूद्ध नाला थाना में आवेदन दिया गया। मालूम हो कि 11 दिसंबर को निगम मुख्यालय, रांची के आदेशानुसार विद्युत ऊर्जा की चोरी के विरूद्ध एक छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता संतोष कुमार मंडल, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मिहिजाम के द्वारा किया गया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि 6 लोगों को नामजद बनाया गया है।उन्होंने बताया कि छापामारी के क्रम में अभियुक्त के परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी पाई गई। इस क्रम में गोपालपुर, टेसजुड़िया,बामुनडीहा,नलहाटी गांव में अभियुक्त के द्वारा मुख्य एलटी लाइन में टोका लगाकर अपने दुकान तथा मकान परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे थे। इसमें क्षति पांचों का 6001 रूपया करके, बाकि एक का 3001की क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि 6 अभियुक्त के परिसर में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपभोग करते हुए पाया गया एवं चोरी में प्रयुक्त तार को काटकर जप्त कर लिया गया। इस संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर नाला थाना में आवेदन दी गई है।

## किसानों को फसल सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



**कुंडहित (जामताड़ा)।** फसल सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत कुंडहित प्रखंड के देवली ग्राम में फसल सुरक्षा विषय पर किसानों के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीटीएम सुजीत सिंह के द्वारा एफआईआर विधि से बीज उपचार की विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को फंजीसाइड, इनसेक्टिसाइड, एवं राइजोबियम कल्चर विधि से बीज उपचारित करने की विधि की जानकारी दी गई। उपचारित बीज का प्रयोग करने से फसल में लगने वाले रोगों की संभावना काफी हद तक कम हो जाती हैं एवं बीज का अंकुरण एवं फसल का उत्पादन अच्छा होता हैं। उन्होंने बताया खराब बीज या बीना बीज उपचार के पौधे से ज्यादा कीड़े मोकढ़े लगने की संभावना है। जिससे किसान मरा हुआ फसल को देखकर हताशा हो जाता है। उन्होंने आईपीएम विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बाबूपुर पंचायत के मुखिया एमेली सोरेन, एटीएम अमीर हेंब्रम, किसान मित्र सनत मंडल , विनय मंडल, किसान धन क्रिस्टो गोराई, कसना बाउरी, लालटू मण्डल इत्यादि मौजूद थे।

# भाजपा ने देवघर में 16 मंडलों के लिए नए मंडल अध्यक्ष और प्रतिनिधि किए घोषित

## प्रदेश और जिला चुनाव पदाधिकारियों की सहमति से जिला स्तर पर संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा के अनुमोदन एवं जिला चुनाव पदाधिकारी की सहमति के पश्चात जिला भाजपा देवघर में संगठन के अंतर्गत 16 मंडलों के लिए चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रतिनिधियों का चयन किया गया। देवघर जिला निर्वाचन पदाधिकारी बबलू भगत ने सभी निर्वाचित कार्यकर्ताओं की सूची जारी करते हुए उन्हें आधिकारिक रूप से मंडल अध्यक्ष और प्रतिनिधि घोषित किया। देवघर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवघर नगर से सोनाधारी झा, सत्संग नगर से रमेश राय, देवसंघ नगर से संजय गुप्ता तथा मंडल प्रतिनिधि धनंजय तिवारी निर्वाचित हुए। जसीडीह नगर से अमरजीत दुबे, मंडल प्रतिनिधि मिथिलेश यादव, मानिकपुर मंडल से सुमित रवानी, मंडल प्रतिनिधि उचित राय, रखिया मंडल से काशी, मोहनपुर मंडल से सुनील यादव, मंडल प्रतिनिधि विभूति झा, वही जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लखोरिया मंडल से सुनील मंडल, मंडल प्रतिनिधि संजय प्रसाद, सोनारायठाड़ी मंडल से रामनारायण राय, मंडल प्रतिनिधि हीरालाल मिस्त्री, सारठ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पत्थरड़ा मंडल से चंद्रशेखर सिंह, मंडल प्रतिनिधि जयदेव शाह, सारठ मंडल से संजय मंडल,वही प्रतिनिधि कुलदीप सिंह, खागा मंडल से कामदेव यादव, मंडल प्रतिनिधि सुशांत तांती, पालोजोरी मंडल से प्रभाकर हलदार, चितरा मंडल से राकेश सिंह, वही मधुपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मधुपुर नगर से रवि रवानी तथा सिमरा मंडल से दिगंबर पाण्डेय चुने गए। देवघर जिला में कुल 28 मंडलों में से वर्तमान में 16 मंडलों में चुनाव संपन्न हो चुका है, जबकि बाकी मंडलों की प्रक्रिया अभी जारी है। जिला चुनाव पदाधिकारी संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत ने बताया कि चुनाव को पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाओं को पूरी तत्परता से लागू किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचित कार्यकर्ता अपने नए दायित्वों का पालन करते हुए संगठन की मजबूती और विकास में योगदान देंगे।




# मुख्य न्यायाधीश का मधुपुर आगमन, बार एसोसिएशन ने किया भव्य स्वागत

## फैमिली कोर्ट सप्ताह में 5 दिन संचालित करने का मिला आश्वासन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** सिविल कोर्ट परिसर में शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के आगमन पर बार एसोसिएशन की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान बार काउंसिल के सदस्य बलेश्वर प्रसाद सिन्हा, अमर सिंह एडवोकेट, मधुपुर बार एसोसिएशन के महासचिव श्याम सुंदर भैया और अध्यक्ष मुरारी सिंह ने मुख्य न्यायाधीश को बुके भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत उपरांत हुए संवाद मेंअधिवक्ताओं ने मधुपुर न्यायालय की विभिन्न समस्याओं को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा।अधिवक्ता गुलजादी व अमर सिंह ने बताया कि फैमिली कोर्ट केवल एक दिन चलने से जनता को अत्यधिक परेशानी होती है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने आश्वासन देते हुए कहा कि आगे से फैमिली कोर्ट सप्ताह में पाँच दिन संचालित किया जाएगा, जिससे मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी। वहीं बार एसोसिएशन के महासचिव श्याम सुंदर भैया ने मधुपुर में बिजली कोर्ट और साइबर कोर्ट स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्तमान में नियुक्ति पर रोक लगाए जाने के कारण न तो नए मजिस्ट्रेट नियुक्त हो पा रहे हैं, न ही पदोन्नति संभव हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस वजह से तत्काल कोई फैसला लेना कठिन है, लेकिन जैसे ही नियुक्ति पर रोक हटेगी, मधुपुर में एक एडीजे (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही साइबर कोर्ट और बिजली कोर्ट भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्य न्यायाधीश के इस आश्वासन से अधिवक्ताओं व स्थानीय लोगों में प्रसन्नता देखी गई। आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता थी और न्यायिक महकमे में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



# वोट चोर गद्दी छोड़, महारैली में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए फुरक़ान अंसारी

**संवाददाता**

**मधुपुर ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह गोड्डा लोकसभा के पुर्व सांसद फुरक़ान अंसारी मधुपुर से सैकड़ों समर्थकों के साथ पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुए। वे राजधानी में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़, महारैली में शिरकत करेंगे, जिसमें देशभर से विभिन्न राज्यों के नेता और समर्थक शामिल हो रहे हैं। रवाना होने से पहले स्टेशन परिसर में समर्थकों को संबोधित करते हुए फुरक़ान अंसारी ने कहा कि यह महारैली लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और जनता के जनादेश की रक्षा के लिए एक सशक्त सामूहिक आवाज़ है।उन्होंने कहा कि दिल्ली की यह महारैली देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और जनता के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।



## देवघर जिला खुदरा दुकानदार संघ में नई कार्यसमिति के चुनाव की तैयारियाँ पूरी

**देवघर।** देवघर जिला खुदरा दुकानदार संघ की नई कार्यसमिति के चुनाव की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। यह चुनाव आगामी 14 दिसंबर 2025 रविवार को बंपास टाउन के बैजू वाटिका में आयोजित किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें सबसे पहले नामांकन प्रपत्र भरकर उम्मीदवार बने सदस्य अपने प्रस्तावक और दो समर्थकों के सहयोग से कार्यसमिति का सदस्य चुने जाएंगे। इसके पश्चात नई कार्यसमिति अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करेगी। इस संबंध में देवघर जिला खुदरा दुकानदार संघ के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यसमिति चुनाव को लेकर संघ द्वारा सभी व्यवस्थाओं की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## जन्मदिवस पर गुप्त दान, मुंशी प्रेमचंद ग्रामीण पुस्तकालय को मिला 51 हजार का सहयोग





**देवघर (सारवाँ)।** मुंशी प्रेमचंद ग्रामीण पुस्तकालय में मंगल जन्मदिवस पहल के तहत सारवाँ निवासी एक सहृदय व्यक्ति ने अपने जन्मदिन 12 दिसंबर के अवसर पर पुस्तकालय को 51 हजार रुपये का गुप्त सहयोग प्रदान किया है। पुस्तकालय के अध्यक्ष रंजन गुप्ता और सदस्यों ने इस उदार योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे पुस्तकालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही उन्होंने दानकर्ता को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ भी दीं। उल्लेखनीय है कि मुंशी प्रेमचंद ग्रामीण पुस्तकालय 19 दिसंबर को अपना 15वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर विधायक निधि से निर्मित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए अध्ययन कक्ष का उद्घाटन प्रस्तावित है। साथ ही स्थापना शाखा मदर यूनिट के नव-रूपांतरण का भी उद्घाटन किया जाएगा। इन कार्यों के लिए पुस्तकालय आमजनों से सहयोग की अपील कर रहा था, जिसके क्रम में यह गुप्त दान प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व लीला देवी ने अपने स्वर्गीय पति मुरलीधर गुप्ता की पुण्य स्मृति में नए अध्ययन कक्ष के विकास हेतु 3 लाख 51 हजार रुपये का उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया है।

## तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह-नोडल पदाधिकारी एनटीसीपी कोषांग के निर्देशानुसार शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय,पहरिया सारवा (देवघर) में तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीसीपी कोषांग के जिला परामर्शी अभिमन्यु कुमार दांगी ने छात्रों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, अस्थमा,लकवा एवं श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है तथा इसके सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभाव भी अत्यंत घातक हैं। दांगी ने ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि झारखंड में प्रतिदिन लगभग 146 बच्चे तंबाकू का सेवन शुरू कर रहे हैं, जो गहरी चिंता का विषय है।

## सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवीपुर प्रखंड के जितजोरी पंचायत अंतर्गत मेझलाडीह मैदान में आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी – पंचायत स्तरीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। स्थानीय खिलाड़ियों और ग्रामीण दर्शकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से पूरा मैदान खेल ऊर्जा और रोमांच से भर गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य उर्फ भैया जी ने फीता काटकर किया। आयोजक सचिन कुमार दास और सागर कुमार सिंह ने उन्हें माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रारंभिक चरण और सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल मैच मेझलाडीह और हथियारा टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हथियारा ने मेझलाडीह को 8 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जबकि रनर-अप टीम को भी सम्मानित किया गया।

## रमा देवी कॉलेज में 15 दिसंबर को होगा वेबिनार

**देवघर ।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय,देवघर में दिनांक 15 दिसंबर 2025 को सुबह 11:30 बजे छात्राओं के लिए एक निःशुल्क ऑनलाइन वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम ÷फाइनेंशियल वैलनेस सत्र÷ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और उन्हें उचित धन प्रबंधन एवं वित्तीय योजना बनाने के कौशल से सशक्त करना है। यह वेबिनार छात्राओं को वित्तीय योजना की मूलभूत जानकारी प्रदान करेगा,जिससे वे भविष्य में अपनी आर्थिक आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर निर्णय ले सकें और स्वयं अपनी वित्तीय योजनाएँ तैयार करने में सक्षम बन सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सूचिता कुमारी करेंगी। वेबिनार के समन्वयक डॉ. प्रकाश चन्द्र दास, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से डॉ. हीराल त्रिवेदी पाटाक ऑनलाइन जुड़ेंगी और छात्राओं को वित्तीय योजना से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

# दो बड़ी चोरी की घटनाएं, स्कूल से राशन-पंखा गायब, ब्लड कलेक्शन सेंटर में भी सेंधमारी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**मधुपुर ।** गोंदलीटांड इलाके में बीती रात अपराधियों ने दो स्थानों पर सेंधमारी कर दहशत का माहौल बना दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोंदलीटांड में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर स्टोर रूम की दीवार काटकर मध्यान भोजन का राशन, तेल, मसाले और पंखा समेत कई सामान चुरा लिए। वहीं अन्य कमरों के ताले भी तोड़ दिए, जिससे स्कूल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अख़्तर आज़ाद ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह पहली घटना नहीं है कई बार चोरी हो चुकी है। प्रशासन को अब सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मंडल ने कहा स्कूल वह जगह है जहां बच्चों को ईमानदारी और नैतिकता सिखाई जाती है। लगातार हो रही चोरी से बच्चों और शिक्षकों दोनों का मनोबल टूट रहा है। इसी रात गोंदलीटांड स्थित एक ब्लड कलेक्शन सेंटर में भी चोरों ने सेंधमारी की। नया फ्रिज उनका मुख्य निशाना था, लेकिन उसे ले जाने में अपराधी नाकाम रहे। वारदात से क्षेत्र में भय का माहौल है।सेंटर संचालक महबूब ने कहा इलाके में पहले भी चोरी हुई है। पुलिस रात्रि गश्ती बढ़ाए, तभी अपराधियों के हौसले कम होंगे। स्थानीय लोग लगातार हो रही घटनाओं को शिक्षा-स्थल की गरिमा, बच्चों की सुरक्षा और समाज के विश्वास पर हमला बता रहे हैं। अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर है कि कब कार्रवाई कर अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

## वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल आज

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** 16 से 19 दिसंबर तक टाटा जमशेदपुर में आयोजित होने वाली 24वीं पुरुषों की जे.सी. बोस मेमोरियल ट्रॉफी एवं महिलाओं की मोहबीर ओरांव मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए देवघर जिला टीम के चयन ट्रायल आज आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल स्थानीय इनडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय खिलाड़ी आयुष नेवर और देवघर जिला वॉलीबॉल टीम के कोच सह स्टेट रेफरी नितेश पंडित की देखरेख में कराया जाएगा। ट्रायल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

## 20 दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण शिविर शुरू

**देवघर।** जिले में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से एसबीआई आरसेटी देवघर में 13 दिसंबर 2025 से 20 दिवसीय आचार,पापड़ एवं मसाला पावडर निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। डीसी डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के उन युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है और जो स्वयं का रोजगार करना चाहते हैं। प्रशिक्षण के दौरान संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण, भोजन और छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी, साथ ही प्रशिक्षण से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री जैसे कॉपी, किताब, कलम, ड्रेस एवं प्रशिक्षण सामग्री भी संस्थान की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

## चांदडीह प्रीमियर लीग खिलाड़ियों की नीलामी आज

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** चांदडीह में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लगातार बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं। चांदडीह प्रीमियर लीग सीजन 9 का नीलामी 13 दिसंबर सुबह 10 बजे से चाडीह पंचायत भवन सभागार में होगी। यह जानकारी एमडी अफजल अध्यक्ष ने दी। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस लीग में कुल टीम 16 फ्रेंचाइजी है। जिसमें 240 खिलाड़ियों की बोली लगेगी।यह मैच आईपीएल के तर्ज पर खेला जाएगा। वही नीलामी एम स्पोर्ट पर लाइव प्रसारण देख सकते हैं।

## देवघर के रौनक कुमार उर्फ चीकू का 49वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन

**देवघर ।** 49वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप, जिसका आयोजन 16 से 21 दिसंबर तक पीली-झुंझुनू, राजस्थान में किया जा रहा है, के लिए देवघर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी रौनक कुमार उर्फ चीकू का चयन किया गया है। इस चयन से देवघर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। रौनक इन दिनों हजारीबाग कैंप में कड़ी मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रौनक देवघर के इनडोर स्टेडियम स्थित झारखंड सरकार द्वारा संचालित क्रीड़ा केंद्र में प्रशिक्षक नितेश पंडित से नियमित प्रशिक्षण लेते हैं। उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और समर्पण ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चयनित कराया है। देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने रौनक के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जिला ओलंपिक संघ और वॉलीबॉल संघ द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है।

## टिकट जांच अभियान में 4.07 लाख की वसूली

**देवघर।** आसनसोल मंडल में व्यापक टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, निष्पक्ष और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान अनुचित या अवैध यात्रा को रोकने और सही टिकटधारी यात्रियों की सुविधा बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के तहत टिकट जांच दल ने सिमुलतला से शंकरपुर तक के मार्ग पर कई ट्रेनों में सघन निरीक्षण किया। दो दिन के इस अभियान में कुल 609 मामले सामने आए, जिनसे 4,16,255 की राजस्व वसूली हुई। इसमें 551 अनुचित यात्रा के मामले शामिल थे, जिनसे 4,07,905 की वसूली हुई, जबकि 58 बिना बुकिंग सामान के मामले दर्ज किए गए, जिनसे 8,350 की वसूली की गई। अधिकारियों ने कहा कि यह आंकड़ा टिकट जांच कर्मियों की तत्परता और यात्रियों के हित की रक्षा के लिए उनके समर्पण को दर्शाता है। इस प्रकार की जांचें ट्रेनों और स्टेशनों में अनुशासन बनाए रखने, अनुचित यात्रियों द्वारा होने वाली असुविधा को कम करने और टिकटिंग में निष्पक्षता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## मदर्स इंटरनेशनल अकादमी में छात्रों को सिखाए गए अग्निशमन के सुरक्षित उपाय



**मधुपुर ।** स्थानीय कुंडू बंगला रोड स्थित मदर्स इंटरनेशनल अकादमी में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी कालेश्वर पासवान ने स्कूली बच्चों को अग्निशमन यंत्र के प्रयोग,आग बुझाने की विभिन्न विधियों और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने आग की विभिषिका,उसके कारणों और तेजी से फैलने वाले तत्वों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे समय पर गीला कंबल या बोरा तेजी से सिलेंडर पर डालें, लेकिन उसे जमीन पर गिरने न दें।बिजली से आग लगने पर सबसे पहले बिजली की सप्लाई काटने और फिर पानी या मिट्टी का उपयोग कर आग पर काबू पाने की विधि भी बताई गई। उन्होंने आग पर नियंत्रण न होने पर तुरंत आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना देने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान छात्रों के समक्ष अग्निशमन का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने स्वयं भी आग बुझाने का अभ्यास कर अग्निशमन यंत्र के उपयोग की बारीकियों को समझा। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया ने अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी कालेश्वर पासवान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आग जैसी आपदा में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।ऐसे कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।


**ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, साहेबगंज**

ई0मेल आई0डी0. exenbcd816109@gmail.com
मो0 नं0– 7903452842

अति–अल्पकालीन ई0–कोटेशन आमंत्रण सूचना

ई0–कोटेशन संख्या: BCD, SAHIBGANJ/ NIQ. No.- 05/2025-26 दिनांक:– 12.12.2025

1. कार्य की विवरणीः–

| क0 | कार्य का नाम | कोटेशन वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | कोटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम नाम, पता एवं फोन नं0 | प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नंम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | e-Quotations are invited for ascertaining rate of items for preparing estimate of "Construction of JSFC Godown 1000 MT, Udhwa" | 16.12.2025 (पूर्वाहन 12:30 बजे से) | 22.12.2025 (पूर्वाहन 12:30 बजे तक) | 23.12.2025 (पूर्वाहन 12:30 बजे) | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, साहेबगंज। +91– 7903452842 | +91–7903452842 |
| 2 | e-Quotations are invited for ascertaining rate of items for preparing estimate of "Construction of JSFC Godown 1000 MT, Mandro" | | | | | |
| 3 | e-Quotations are invited for ascertaining rate of items for preparing estimate of "Construction of Weigh Bridge and Operator Room, Barhait" | | | | | |
| 4 | e-Quotations are invited for ascertaining rate of items for preparing estimate of "Construction of Weigh Bridge and Operator Room, Sahebganj" | | | | | |

नोटः– विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, साहेबगंज

PR 368407 (Building)25-26*D



**ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0 – 34/2025-26/EE/BCD/DUMKA, दिनांक– 12.12.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र क मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of District Bar Council Building at Dumka, Jharkhand. | 4,80,69,100/- | Rs.9,61,500/- | Rs.10,000/- | 11 माह |

1. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि/समय :– 19–12–2025 के 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 09–01–2026 के 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 10–01–2026 के 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 8210084525
6. ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 6200213814
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय हागी।
8. सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–2229 दिनांक–06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
10. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।

PR 368406 Building(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDSD/DMK/PM-JANMAN/25/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित की राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड जामा के पंचायत टेंगधोआ में आंगनबाड़ी केन्द्र ताराटिकर का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |
| 2 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड सरैयाहाट के पंचायत खुशीयारी में आंगनबाड़ी केन्द्र जियाजोर का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |
| 3 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड सरैयाहाट के पंचायत मटिहानी में आंगनबाड़ी केन्द्र पहरीडीह का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |
| 4 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड काठीकुण्ड के पंचायत आसनपहाड़ी में आंगनबाड़ी केन्द्र आसनपहाड़ी पहाड़िया टोला का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |
| 5 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड काठीकुण्ड के पंचायत झिकरा में आंगनबाड़ी केन्द्र छोटा धनिया पहाड़ी का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |
| 6 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड काठीकुण्ड के पंचायत झिकरा में आंगनबाड़ी केन्द्र बेलबुनी का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |
| 7 | दुमका जिला अन्तर्गत प्रखंड काठीकुण्ड के पंचायत बड़ाचपुड़िया में आंगनबाड़ी केन्द्र पुजरडीह का निर्माण कार्य। | 11,08,200 | 22,200.00 | 2,500.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.12.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–31.12.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 02.01.2026 (समय 2:00 बजे अपराह्न)।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 8292322880
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
9. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

PR 368364 Rural Work Department (25-26)_D

# अगले सत्र से रेलवे स्कूल में लड़कियों का होगा नामांकन: डीआरएम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज- साहिबगंज शहर के पटेल चौक स्थित रेलवे हाई स्कूल में अगले सत्र से लड़कियों का भी दाखिला होगी. यह बातें शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से कही है. उन्होंने रेलवे स्कूल के सुविधाओ का जायजा लेने के दौरान अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए. डीआरएम ने कहा कि रेलवे स्कूल में पहले की मुताबिक कई सुविधा बढ़ी है.उन्होने स्कूल में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कई मुद्दों पर बात की. उन्होंने कहा कि यह विधालय 1878 का बना मालदा मॉडल का काफी पुराना स्कूल है. यह साहिबगंज की पहचान भी है. इस स्कूल के विकास की जरूरत देख यहां बड़े स्तर से कार्य शुरू कराया गया है. इसके अलावा यहां प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड, बास्केट बॉल कोर्ट आदि का भी निर्माण कराया जाएंगा .उन्होंने बताया कि रेल ओवर ब्रिज का ड्राइंग अप्रूव की जा चुकी है. जमीन अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार नोटिस देकर जगह खाली कराएगी. इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. उन्होंने कहा कि रेलवे की ओर से इसके लिए तैयारी पूरी है.इसके अलावा भी उन्होंने कई मुद्दों पर जानकारी दी.वही इससे पूर्व डीआरएम ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी ली. डीआरएम ने कहा कि आने नए साल 2026 में यहां के लोगो को नई ट्रेन समेत कई सौगात मिलेगी.जिसको लेकर रेलवे द्वारा तैयारी की जा रही है. वही डीआरएम ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, आरक्षण टिकट काउंटर समेत अमृत भारत योजना के तहत बन रहे रेलवे स्टेशन का जायजा लेते हुए जल्द कार्य को पूरा करने का निर्देश दिए है. डीआरएम ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा का ख्याल रेलवे की पहली प्राथमिकता है. इसमें किसी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी. इधर डीआरएम ने डीसी से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर चर्चा भी किये है. मौके पर स्टेशन प्रबंधक आरएस पांडे, आरपीएफ कमांडेंट गुलाम सरवर समेत कई रेल कर्मी मौजूद थे.

## नवोदय विद्यालय ने 66 रन से जीत हासिल कर फाइनल में बनाई जगह

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल मैच शुक्रवार को संत जेवियर ए बनाम नवोदय विद्यालय के बीच खेला गया.नवोदय विद्यालय की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट पर 176 रन बनाया. सोनू कुमार साह ने 96, प्रीतम रविदास 21 व मो इबकार 13 रन बनाएं. संत जेवियर स्कूल ए के गेंदबाज आदित्य यादव ने 4 व देवांशु राज 2 ने विकेट लिया. जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल ए की टीम 21 ओवर में 110 रन बना कर ऑल आउट हो गई. विराट कुमार में 15, शांतानु कुमार ने 15, सूरज राज ने 15, पुष्कर ने 15, पार्थ सिंह ने 13 रन की पारी खेली. नवोदय विद्यालय के गेंदबाज अभिषेक कुमार ने 5, सोनू साह ने 2 विकेट लिए. नवोदय विद्यालय ने 66 रन से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई.नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी सोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. मुख्य अतिथि डॉ मुकेश ने सोनू कुमार को मैन ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया. मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया. मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे. टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल में अब नवोदय विद्यालय की टीम व संत जेवियर स्कूल बी की टीम के बीच मुकाबला होगा.

## डीआरएम ने डीसी के साथ की बैठक,विकास के मुद्दों पर की चर्चा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता शुक्रवार को अपने विशेष सेलून से साहिबगंज पहुंचे. डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता बाहन पर बैठ साहिबगंज डीसी हेमंत सती से मिलने जिला समाहरणालय पहुंचे. डीआरएम ने डीसी हेमंत सती के साथ एलसी रेलवे फाटक पर रेल ओवर ब्रिज सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की.बैठक के बाद डीसी हेमंत सती ने बताया कि जिला प्रशासन और रेलवे के समन्वय से होने वाले विकास के कई मुद्दों पर चर्चा हुई है.नये कोच,नई ट्रेन पर भी चर्चा हुई है.उन्होने बताया कि वार्ता सकारात्मक हुई है.

## वारंटी भेजा गया न्यायिक हिरासत में

बरहेट -बरहेट थाना पुलिस ने 2016 के एक मामले में लोगाई गांव निवासी लुखीराम टुडू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. लुखीराम टुडू के विरुद्ध साहिबगंज न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट निर्गत किया गया था. जिसके तहत् पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच कराकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

## स्कूटी व ई रिक्शा की आमने-सामने के टक्कर में एक व्यक्ति घायल

साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड में स्कूटी व टोटो की आमने-सामने के टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया. घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. घायल जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़ाबाड़ी दुर्गा मंदिर के समीप रहने वाले 38 वर्षीय राजा यादव है. वे किसी काम को लेकर ई रिक्शा में सवार होकर कॉलेज रोड तरफ से जा रहा था. इस बीच तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया. टक्कर लगने से राजा यादव गंभीर रूप से घायल हो गया. बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है.

## एयरटेल पेमेंट बैंक ने चलाया जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- नगर पंचायत क्षेत्र के सिंघी दलान परिसर स्थित एयरटेल ऑफिस में एयरटेल पेमेंट बैंक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस संबंध में एयरटेल पेमेंट बैंक के जोनल टेरिटरी मैनेजर जय कुमार ने बताया कि नोबार्ड एयरटेल पेमेंट बैंक जागरूकता कार्यक्रम रखा गया. अपने कस्टमर को जानकारी देना मुख्य उद्देश्य है. इन दिनों जिस प्रकार फ्रॉड का मामला प्रकाश में आ रहा है. आप लोगों से अगर कोई फोन के माध्यम से ओटीपी मांगते हैं. लेकिन एयरटेल पेमेंट बैंक की ओर से किसी को भी ओटीपी नहीं देंगे और सतर्क रहे और दूसरे को भी जागरूक करें. मौके पर प्रमोटर अनिल कुमार डिस्ट्रीब्यूटर राजेश कुमार सिंह, आलोक कुमार, अजीत कुमार, प्रीतम कुमार, मकसूद आलम, इस्लाम शेख सहित अन्य उपस्थित थे.

## बाइक के चपेट में आने से अधेड़ गंभीर रूप से हुआ घायल

बरहेट - बरहेट- लिट्टीपाड़ा पाड़ा मुख्य सड़क में शुक्रवार को तलबड़िया चौक के पास मोटरसाइकिल के चपेट में आने से छोटा कदमा गांव निवासी 40 वर्षीय जाकिर अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया.मिली जानकारी के अनुसार खिजूरखाल गांव निवासी मोटरसाइकिल चालक सुभाष सोरेन अपने प्लेटीना मोटरसाइकिल से बरहेट से धरमपुर की ओर जा रहा था. तलबड़िया चौक के पास छोटा कदमा निवासी 40 वर्षीय जाकिर अंसारी सड़क पार कर रहा था. तभी वह मोटरसाइकिल की चपेट में आ गया और गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया. ग्रामीणों ने जाकिर को इलाज के लिए सीएचसी बरहेट पहुंचाया जहां डॉ. चंदन कुमार ने उसका प्राथमिक उपचार किया और बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया.

## नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स अंडर 17 में भाग लेने के लिए जिले से 06 एथलीट लखनऊ पहुंचे



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 से 17 दिसंबर 2025 तक गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स,लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता, अंडर 17 में खेल विभाग द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम साहिबगंज में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के 06 ट्रेनी एथलीट जो प्रशिक्षक योगेश यादव के नेतृत्व में अभ्यास करते हैं एवं +2 राजस्थान उच्च विद्यालय साहिबगंज के छात्र हैं. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा चंदनक्यारी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बोकारो में आयोजित 20 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर उपरांत लखनऊ पहुंचे.जिसमें पृथ्वी राज मंडल (जेवलिन थ्रो), परमा हांसदा (4 गुणा 100 मीटर रिले),एमानुएल किस्कू (110 मीटर हर्डल्स एवं 4 गुणा 100 मीटर रिले), प्रेम चंद मुर्मू (हैमर थ्रो),जमशेद अंसारी (5000 मीटर पैदल चाल), कृष्णा कुमार (4 गुणा 400 मीटर रिले) में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे.सभी 06 खिलाड़ियों एवं इनके कोच योगेश यादव को डीसी हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आईटीडीए निदेशक संजय कुमार,अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष समेत जिले के खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी.

## दिल्ली चलो अभियान के तहत् साहिबगंज व पाकुड़ से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा -14 दिसंबर 2025 को दिल्ली रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने के लिए झारखंड के साहिबगंज और पाकुड़ जिलों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक विशाल जत्था शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ. कार्यकर्ताओं का नेतृत्व साहिबगंज जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान और पाकुड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार ने किया. दोनों नेताओं ने स्थानीय रेलवे स्टेशनों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया और कहा कि यह रैली केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक निर्णायक आवाज़ बनेगी. प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर दोनों जिलों में कई दिनों से तैयारी चल रही थी. इसी क्रम में साहिबगंज, बरहरवा, राजमहल, पाकुड़, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, मंडरो, बरहेट और बोरियो सहित विभिन्न प्रखंडों से समूह बनाकर कार्यकर्ता विशेष तौर पर बरहरवा, साहिबगंज, तालझारी, पाकुड़, पतना और राजमहल रेलवे स्टेशनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए. जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि यह महारैली संविधान, लोकतंत्र और किसानों-युवाओं के हक की लड़ाई को नई दिशा देगी. उन्होंने विश्वास जताया कि साहिबगंज जिले से बड़ी संख्या में पहुंच रहे कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की आवाज को मजबूत करेंगे. वहीं पाकुड़ जिला अध्यक्ष कुमार सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की जा रही संस्थाओं के दुरुपयोग, महंगाई, बेरोजगारी और किसान-मजदूरों की उपेक्षा के खिलाफ यह रैली एक ऐतिहासिक जनसंदेश साबित होगी. उन्होंने कहा कि पाकुड़ कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं. बरहरवा स्टेशन पर आज खासा उत्साह देखने को मिला.हाथों में पार्टी के झंडे, पोस्टर और दिल्ली चलो के नारे लगाते युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता एकजुट होकर राजधानी की ओर बढ़े. जिला नेतृत्व को विश्वास है कि झारखंड से रवाना यह जनसैलाब रैली को ऐतिहासिक सफलता दिलाएगा.

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध ई रिक्शा चालक की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के लालू मार्केट के समीप पोस्ट ऑफिस के सामने बकरी को बचाने के दौरान ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर पलट गया. हुई घटना में ई रिक्शा चालक की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के रजवाड़ा निवासी 70 वर्षीय वृद्ध फागु शेख ई रिक्शा चलाकर राजमहल की ओर आ रहा था. इसी दौरान पोस्ट ऑफिस के सामने सड़क पर बकरी दौर गया. जिससे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया.हुई दुर्घटना में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. आनन-फानन में राहगीरों एवं परिजनों द्वारा उसे घायलावस्था में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां मौके पर चिकित्सकों ने जांचोपरांत फागू शेख को मृत घोषित कर दिया गया. वहीं घटना की सूचना राजमहल थाना पुलिस को मिलते ही अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया. उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया. वही इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

## यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे का आयोजन



साहिबगंज - झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे (सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस) के अवसर पर व्यापक जागरूकता और कानूनी साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया था.इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के बीच स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना है.डालसा, तालुका विधिक सेवा समितियों (टीएलएससी) और पारा-लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेषकर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) के बारे में जागरूक किया. जागरूकता कार्यक्रमों में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके), मिशन इंद्रधनुष, जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), और राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) जैसी कई योजनाओं को शामिल किया गया.प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि जिले भर में विभिन्न स्थानों, विद्यालयों और पंचायतों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए.

## हाईकोर्ट के निर्देश पर सीमा निर्धारण को लेकर झारखंड-बिहार के बीच शुरू हुई जमीन की मापी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- झारखंड राज्य गठन के बाद से ही झारखंड-बिहार के बीच सीमा निर्धारण के दोनो राज्यों के बीच सहमति नही बन पा रही थी. शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज जिला के सदर अंचल की टीम एवं बिहार के कटिहार जिला के मनिहारी आंचल की टीम पहले सुबह वहां पहुंची. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार गहमागहमी के बीच चेन गिरा कर सीमा निर्धारण के लिए पैमाइश शुरू की है.

सब कुछ ठीक रहा तो सीमा निर्धारण के साथ ही लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो जाएगा.वही सीमांकन मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले साहिबगंज सदर प्रखंड के लालबथानी निवासी मो मुश्ताक ने कहा कि पुश्तों से चली आ रही लड़ाई अब खत्म होनी चाहिए. उनकी नजर में दोनों राज्यों के दोनों जिलों के किसान बराबर हैं. इस मुद्दे से नुकसान सिर्फ और सिर्फ गरीब किसानों को हुआ है. प्रशासन और किसानों के सहयोग से ही इस मुद्दे को हल किया जा सकता है. मौके पर साहिबगंज अंचल से प्रभारी अंचल निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता, राजस्व कर्मचारी अजय मंडल, अमीन बबलू मालतो, भूअर्जन अमीन ओम प्रकाश राय, चेन मैन

कपिल देव मंडल बिहार के मनिहारी अंचल से राजस्व अधिकारी

रामसागर पासवान, कर्मचारी संजय दास, अंचल अमीन आकाश कुमार, सुमित कुमार सहित दर्जनों स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष पद पर किया नॉमिनेशन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- नगर क्षेत्र के निरीक्षण भवन में शुक्रवार को भाजपा के नगर अध्यक्ष,प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. इस दौरान बैठक में जिला चुनाव प्रभारी संदीप जजवाड़े, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह चुनाव प्रभारी कृष्णा महतो सहित अन्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत गाकर किया गया. बैठक में राजमहल नगर अध्यक्ष, उधवा प्रखंड अध्यक्ष, बरहरवा नगर अध्यक्ष तीनपहाड़ मंडल अध्यक्ष, राधानगर मंडल अध्यक्ष, तालझारी प्रखंड अध्यक्ष एवं साहिबगंज नगर अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं ने नॉमिनेशन किया. जिसका रिजल्ट कल साहिबगंज भाजपा कार्यालय से जारी किया जाएगा. इस संबंध में संदीप जजवाड़े ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर राजमहल में नगर एवं प्रखंड अध्यक्ष चुनाव होना है. जिसका नाम प्रदेश से भेजा गया है. जिन जिन का नाम प्रदेश से दिया गया है. उनको एक फॉर्म दिया गया है. जिसे भरकर जमा करना है. वहां साहिबगंज जिले के सभी पदाधिकारी का नाम प्रदेश के आला पदाधिकारी के द्वारा घोषित किया जाएगा. वही चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई. कुछ कार्यकर्ताओ ने बैठक में प्रभारी से कहा कि प्रदेश के द्वारा चयन किया गया नाम हम लोग नाराजगी जताते हैं. एवं चुनाव प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि आपकी नाराजगी को लेकर प्रदेश को पत्र लिखकर भेजा जाएगा. मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, रणधीर सिंह, रामदरस यादव, कमल किशोर भगत, जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल गौतम यादव श्यामल दास ललित पासवान बम बम मंडल अजय चौधरी धनंजय मंडल सागर मंडल, पंकज घोष कार्तिक साह, बिरेन साहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत् जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - जीएन उच्च विद्यालय अमानत पियारपुर, उधवा में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निर्देशानुसार मंथन संस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन, संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत् जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का संचालन मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने किया. उन्होंने छात्राओं को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा के कौशल, तथा कठिन परिस्थितियों में साहसपूर्वक खड़े होने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में सामूहिक सामाजिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है.संस्थागत देखरेख की चंदा कुमारी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना लैंगिक समानता, शिक्षा, वित्तीय सुरक्षा एवं लड़कियों के खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने पर केंद्रित है.चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मोहम्मद इकबाल ने वर्ष 2015 में शुरू की गई इस योजना की पृष्ठभूमि बताते हुए छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पोक्सो एक्ट , नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण तथा किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की.वहीं शोभा कुमारी ने बच्चियों को एंटी साइबर क्राइम से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें.कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई ताकि वे स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सकें.कार्यक्रम में शबनम प्रवीण, संजीव कुमार, रूपेश्वर कुमार सहित अन्य पीएलवी उपस्थित थे.

## गोड्डा टाटानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में दो दिन साहिबगंज होकर चले: बोदी सिन्हा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - शहर के व्यवसाई चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा शुक्रवार को साहिबगंज स्टेशन परिसर में मालदा डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता से मिलकर जिला की समस्याओं से अवगत कराते हुए डीआरएम से मांग किया कि ट्रेन नंबर 18186 गोड्डा टाटानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस को सप्ताह में कम से कम दो दिन साहिबगंज बरहरवा रेलखंड होकर चलाया जाएं ताकि कहलगांव, पीरपैंती, मिर्जाचौकी, साहिबगंज, तीनपहाड़, बरहरवा रेलखंड के यात्रियों, व्यापारियों, छात्रों को धनबाद टाटानगर आने जाने में परेशानी न हो. इस रेलखंड में टाटानगर जाने के लिए सीधा ट्रेन सुविधा नहीं रहने से इस रेलखंड के लोगो को टाटानगर आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है.

## जनता दरबार मे एसी ने सुनी आम लोगो की समस्याएं

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - जिला समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय प्रकोष्ठ में अपर समाहर्ता गौतम भगत की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के मुखिया के समक्ष रखीं.जनता दरबार में भूमि विवाद, पेंशन भुगतान, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली आपूर्ति, शिक्षा व्यवस्था और अन्य विभागीय मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं. गौतम भगत ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत बातचीत कर समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया. उन्होंने साफ कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रशासन का लक्ष्य है हर नागरिक को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराना है.अपर समाहर्ता ने यह भी निर्देश दिया कि सभी विभागों को अपने स्तर से की गई कार्रवाई की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपायुक्त कार्यालय को सौंपनी होगी. ताकि मॉनिटरिंग और पारदर्शिता बनी रहे.

## परिवार स्वास्थ्य मेला प्रचार वाहन हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बरहरवा -परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत बरहरवा में शुक्रवार को हुई.इसी कड़ी में बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जो पूरे प्रखंड के गांव-गांव घूमकर स्वास्थ्य संबंधी संदेश पहुंचाएगा. प्रचार वाहन पर लगे बड़े पोस्टर में परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 का मुख्य संदेश जन-जन में फैलाएं एक विचार, छोटा परिवार, सुखी परिवार स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है.साथ ही स्लोगन यही है हमारा प्लान-पहले पढ़ाई-लिखाई कराओ, फिर थाली का सहयोग बढ़ाओ.परिवार नियोजन और जिम्मेदार अभिभावकत्व को प्रोत्साहित करता है. वाहन पर सुरक्षित मातृत्व, गर्भनिरोधक साधनों, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, एएनसी जांच, परिवार नियोजन के आधुनिक विकल्पों और सरकारी योजनाओं की जानकारी शामिल की गई है.जिससे ग्रामीणों को सही और विश्वसनीय जानकारी मिल सके.डॉक्टरों ने बताया कि यह विशेष प्रचार वाहन बरहरवा बाजार, पंचायतों, टोला-मोहल्लों, हाट-गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर रुककर लोगों को स्वास्थ्य मेले में मिलने वाली सेवाओं जैसे निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देगी .

को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करना और छोटे परिवार-सुखी परिवार के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है. प्रचार वाहन में रिकॉर्डेड संदेशों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य मेला 2025 से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी.

## विशेष मध्यस्थ अभियान तहत् साहिबगंज से 21 एवं राजमहल से 6 मामले का निपटारा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक फैमिली मामले का निपटारा हेतु विशेष मध्यस्थ अभियान का आयोजन सिविल कोर्ट साहिबगंज एवं अनुमंडलीय न्यायालय राजमहल में किया गया.झालसा के निर्देशानुसार, संजय कुमार उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के मार्गदर्शन में 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक पारिवारिक मामले से संबंधित विशेष मध्यस्थ अभियान(स्पेशल ड्राइव) का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय परिसर साहिबगंज एवं एडिशनल प्रधान न्यायाधीश राजमहल के मार्गदर्शन में अनुमंडलीय न्यायालय राजमहल में आयोजित किया गया है. पांच दिनों तक चलने वाले स्पेशल ड्राइव (विशेष मध्यस्थ अभियान) में कुटुंब न्यायालय साहिबगंज से 35 मामले को भेजा गया. जिसमें 21 मामलो का निपटारा किया गया.. वही अनुमंडल न्यायालय राजमहल से 22 मामला भेजा गया था. जिसमें मात्र 06 मामले का निपटारा किया गया. उक्त बातों की जानकारी कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के पेशकार ओंकार नाथ मिश्रा ने दी है.उक्त मौके पर मेडिएटर एवं कुटुंब न्यायालय के पेशकार ओंकार नाथ मिश्रा एवं स्टाफ गण उपस्थित थे.

## विद्यालय के बच्चो ने किया योगाभ्यास



संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो- प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विधालय पूर्वी नया टोला एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बड़तल्ला में आयुष मंदिर भगैया के योगा ट्रेनर सुप्रिया वर्णवाल के द्वारा विधालय के बच्चे को योगाभ्यास कराया गया. जिसमें सूर्य नमस्कार, अलोम विलोम,पीठा आसन, गरुड़ासन की विधि बताई गई. इस संबंध में सुप्रिया वर्णवाल ने बताई कि योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक विकास होता है. जबकि बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक के साथ स्वास्थ्य भी अच्छा होता है. इसे नियमित करने से शरीर में फुर्ती रहती है. यह भी बताई कि योगाभ्यास सभी को करनी चाहिए साथ ही विधालय के बच्चे को भी योगाभ्यास अवश्य करनी चाहिए.

## कृषक गोष्ठी व रबी फसल पर कार्यशाला



बरहेट/ साहिबगंज- बरहेट प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी की अध्यक्षता में आत्मा द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी एवं रबी फसल कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया.कार्यशालि में उपस्थित कृषक मित्रों एवं किसानों को किसानों के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई. कृषक गोष्ठी में किसान समृद्धि योजना धान अधिप्राप्ति योजना के अलावा अन्य योजनाओं की जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजदेव सिंह द्वारा दिया गया.इसके साथ ही किसानों को धान विक्रय हेतु फॉर्म भरकर जमा करने को कहा गया.ताकि किसानों को उनके धान का अधिक मूल्य मिल सके.रबी फसल कार्यशाला में उपस्थित कृषक मित्रों व किसानों को राजदीप कुमार ने बताया कि खेती कैसे करना चाहिए, खेती करने के लिए सरकार के द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत् किसानों को किस प्रकार का लाभ दिया जा रहा है के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया. इसके साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में बताया गया कि किसान मित्र द्वारा किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच की जाएगी और जांच रिपोर्ट के अनुसार फसल में कौन सा खाद कितनी मात्रा में दिया जाना है. इसकी जानकारी भी किसानों को दी जाएंगी.

## दास कम्युनिकेशन का उद्घाटन : आलोक सोरेन ने युवाओं को स्वरोजगार की दिखाई राह



**शिकारीपाड़ा, (दुमका)।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक आलोक कुमार सोरेन ने आज शुक्रवार को जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स में दास कम्युनिकेशन नामक एक नई दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के मार्केट कॉम्प्लेक्स स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं, जो कि झारखंड सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उद्घाटन समारोह में अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर, झामुमो कोषाध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी समेत कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक सोरेन ने दुकानदार प्रसनजीत दास और अन्य दुकानदारों से आग्रह किया कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं, रोजगार करें और मार्केट कॉम्प्लेक्स परिसर व आस-पास साफ-सफाई बनाए रखें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न स्वरोजगार योजनाएं चला रही है, जिनके तहत बैंकों से रियायती दरों पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने युवा वर्ग से इन योजनाओं का लाभ उठाने और स्वरोजगार के माध्यम से राज्य व समाज की सेवा करने का आह्वान किया। इस मौके पर रजनीश कुमार, स्थानीय झामुमो कार्यकर्ता शाहनवाज अहमद, संजोग सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और ग्राहक मौजूद थे।

## 22 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, जांच जारी

**दुमका।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आसना गांव में 22 वर्षीय विजय मिर्धा की दुखद मृत्यु हो गई। यह घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हुए और विजय को नीचे उतारा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस घटना से आसना गांव में शोक का माहौल है। मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को दुमका में पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है।

## एसकेएमयू में महिला सुरक्षा की गूंज : लिंग आधारित हिंसा पर कार्यशाला ने जगाई अलख



**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार से शुरू हुए आंतरिक परिवाद समिति द्वारा "लिंग आधारित हिंसा" विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का समापन हो गया। यह कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्षा डॉ. निर्मला त्रिपाठी ने की। उद्घाटन सत्र में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी से ही एक संवेदनशील और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम और संविधान द्वारा प्रदत्त नियमों के पालन पर जोर दिया। एस. पी. कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सनोज स्टीफन हेंब्रम ने वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से हिंसा के विभिन्न रूप समझाए। दिल्ली आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर अंगना दास ने महिलाओं पर हो रहे दुर्व्यवहार पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ. अजय सिन्हा ने जेंडर हिंसा से संबंधित कानून और प्रासंगिक कोर्ट केसों की जानकारी दी। इतिहास विभाग की प्राध्यापिका अमिता कुमारी ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम (2013) कानून और आंतरिक परिवाद समिति की प्रक्रिया समझाई। शुक्रवार को जेंडर हिंसा पर आधारित नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिणाम इस प्रकार रहे- प्रथम प्राणिविज्ञान विभाग, द्वितीय अंग्रेजी विभाग, तृतीय वाणिज्य विभाग। प्रतिभागियों ने जागरूक और संवेदनशील प्रस्तुतियाँ दीं। तीन दिन तक चले इस कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय में जेंडर समानता और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## विधायक निधि से बने चापाकल को घेरने का कड़ा विरोध, ग्रामीण भड़क उठे



**मसलिया (दुमका)।** मसलिया प्रखंड के लहरजोरिया गांव के स्कूल टोला में ग्रामीणों ने शुक्रवार को एक निजी जमीन पर लगे विधायक निधि के चापाकल को घेरने का कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि चापाकल को एक साल पहले जनहित में लगवाया गया था, लेकिन अब जमीन मालिक द्वारा पानी ले जाने से मना किया जा रहा है और चापाकल के चारों ओर घेराबंदी कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले सात दिनों से उन्हें पानी नहीं मिल रहा है, जिसके कारण उन्हें पानी लाने के लिए बगल के आदर्श मध्य विद्यालय लहरजोरिया जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई को दबंगता करार दिया है। मौके पर मौजूद किरण मरांडी, बहादी हेम्ब्रम और फुलमुनि टुडू समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब घेराव करने वालों पर कार्रवाई करने और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं, जमीन मालिक मिहिर मरांडी ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि यह घेराव मुर्गी चोरी हो जाने के कारण किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पानी लेने के लिए दूसरी तरफ से रास्ता दिया गया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही जांच के लिए एक टीम भेजी जाएगी और नियम के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर हंगामा



**महेशपुर।** महेशपुर प्रखंड की बाबूदहा पंचायत के ग्राम जगदीशपुर पहाड़िया टोला में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के चयन के लिए आयोजित आम सभा हंगामेदार रही। ग्रामीणों ने मौके पर ही सेविका पद का परिणाम घोषित करने की मांग की, जिसे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद हल्का हंगामा हुआ। चयन प्रक्रिया में केवल सेविका पद के लिए तीन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। आम सभा में उपस्थित ग्रामीण और अभ्यर्थी चाहते थे कि चयन समिति तत्काल परिणाम की घोषणा करे। हालांकि, सीडीपीओ ने स्पष्ट किया कि आवेदन पत्रों को अनुमोदन के लिए जिला उप विकास आयुक्त कार्यालय भेजा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि जिला स्तर से मंजूरी मिलने के बाद ही सभी अभ्यर्थियों को बुलाकर अंतिम परिणाम की जानकारी दी जाएगी। सीडीपीओ द्वारा तत्काल परिणाम न बताए जाने के कारण ग्रामीणों ने असंतोष व्यक्त किया और हल्का हंगामा किया। ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया में भौगोलिक मानदंडों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि बहाली में केवल बाबूदहा पंचायत के 2 किलोमीटर के दायरे में आने वाले उम्मीदवारों को ही भाग लेना चाहिए था, लेकिन कथित तौर पर दूसरे पंचायत की एक उम्मीदवार ने भी इसमें हिस्सा लिया। इसी मुद्दे और तत्काल परिणाम की मांग को लेकर आमसभा का अंत हल्के-फुल्के हंगामे के साथ हुआ। इस अवसर पर चयन समिति के सदस्य, जिनमें ग्रामीण प्रधान, पंचायत के मुखिया, पोषक क्षेत्र के प्रधानाध्यापक, एएनएम, और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता का आरोप, महिलाओं ने किया प्रदर्शन



गलत तरीके से आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर विरोध जताती महिलाएं

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र की कोलारकोंदा पंचायत के भालका आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के चयन में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, सड़क पर उतर आए और चयन प्रक्रिया के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने एक दिन पूर्व ही इस मामले को लेकर दुमका के उपायुक्त और जिला कल्याण पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का मुख्य आरोप है कि चयनकर्ताओं ने कविता सोरेन को सेविका के पद पर बिना वैध जाति और निवासी प्रमाण पत्र के ही नियुक्त कर दिया, जो कि सरकारी नियमानुसार पूरी तरह गलत है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का तर्क है कि नियमानुसार, पोषक क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविका के पद के लिए आवेदन करने हेतु उम्मीदवार का उस पोषक क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र के बिना किया गया चयन अवैध है।

ग्रामीणों ने इस चयन प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने और नए सिरे से नियमानुसार चयन करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में शामिल प्रमुख ग्रामीणों में जोसेफ सोरेन, फुलमनी सोरेन, मंगली सोरेन, सोकोल हेम्ब्रम, बबलू हेम्ब्रम, सोनमुनी मुर्मू, पनमुनी बेसरा, लिलमुनी सोरेन, मंगली हेम्ब्रम, संजय पुजहर, अरुण पुजहर, सिदो टुडू, कल्पना मुर्मू, जयंती मरांडी, जोहन मुर्मू और गुपाल पुजहर सहित दर्जनों स्थानीय लोग शामिल थे।

# मधुपुर : अनुमंडल अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न, मुरारी सिंह बने अध्यक्ष



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर।** शुक्रवार को पूरे एहतियात के साथ संघ परिसर में स्थित हॉल नंबर-2 में मतदान सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर 3 बजे समाप्त हुआ, मधुपुर अधिवक्ता संघ ऑफिस बियरर्स का चुनाव सत्र 2025 - 27 के 12 पदों के चुनाव के लिए 204 मतदाताओं में से 200 मतदाता सदस्यों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया, उसके बाद शाम 4 बजे से हॉल नंबर-4 में मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ जो रात के 9 बजे तक चला, इस मतगणना कार्य का सीधा प्रसारण एलईडी टीवी के माध्यम से सबों को दिखाने की व्यवस्था चुनाव कमिटी द्वारा संघ के हॉल में की गई थी, मतगणना के बाद पर्यवेक्षक बालेश्वर प्रसाद सिंह एवं अमर कुमार सिंह तथा चुनाव पदाधिकारी सतीश चन्द्र मंडल, नागेश्वर भैया व पंचम राय द्वारा संयुक्त रूप से विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई जिसमे, अध्यक्ष पद - मुरारी प्रसाद सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुनील कुमार को 32 मतों से हराया, वहीं उपाध्यक्ष - विन्देश्वरी प्रसाद शाही ने कौशल किशोर दुबे को 47 मतों से, महासचिव - श्याम सुंदर भैया ने समीर कुमार यादव को 48 मतों से, संयुक्त सचिव, प्रशासन - जितेन्द्र कुमार ने सरोज राम मिश्रा को 58मतों से, संयुक्त सचिव, पुस्तकालय - संजय कुमार सिंह ने अनिल कुमार सिंह को 20 मतों से, कोषाध्यक्ष - धनंजय प्रसाद शाही ने छोटेलाल दास को 22 मतों से और सह कोषाध्यक्ष -अवधेश कुमार ठाकुर ने शकील अहमद को 9मतों से हराया,

**कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु -**
1) उमेश प्रसाद शाही
2) उमेश प्रसाद सिंह
3) गणेश कुमार यादव
4) सोहेल अख्तर अंसारी
5) सरोज कुमार कुशवाहा विजय हुए।

**संघ चुनाव में सभी प्रत्याशियों को प्राप्त मत निम्न प्रकार है:**

**अध्यक्ष पदः-**
1) मुरारी प्रसाद सिंह - 112
2) सुनील कुमार - 80

**उपाध्यक्षः-**
1) विन्देश्वरी प्रसाद शाही - 118
2) कौशल किशोर दूबे - 71

**महासचिवः-**
1) समीर कुमार यादव - 73
2) श्याम सुंदर भैया - 121

**संयुक्त सचिव प्रशासनः-**
1) जितेन्द्र कुमार - 126
2) सरोज राम मिश्रा - 68

**संयुक्त सचिव पुस्तकालयः-**
1) अनिल कुमार सिंह - 85
2) संजय कुमार सिंह - 105

**कोषाध्यक्षः-**
1) छोटेलाल दास 81
2) धनंजय प्रसाद शाही - 103

**सह कोषाध्यक्षः-**
1) अवधेश कुमार ठाकुर - 98
2) शकील अहमद - 89

**कार्यकारिणी सदस्यः-**
1) चंद्र शेखर सिंह - 61
2) दशरथ प्रसाद पाण्डेय -70
3) गणेश कुमार यादव - 97
4) मो. सोहेल अख्तर अंसारी -91
5) मो.जिशान अंसारी - 78
6) राजीव कुमार सिंह -78
7) सरोज कुमार कुशवाहा - 89
8) उमेश प्रसाद शाही - 113
9) उमेश प्रसाद सिंह - 111

जानकारी हो कि कार्यकारिणी सदस्य के 5 पदों के लिए 9 उम्मीदवार मैदान में थे, जबकि शेष सभी एक पद के लिए दो-दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला था।

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का आज दुमका दौरा, लोक अदालत का उद्घाटन व परिसंपत्तियों का करेंगे वितरण

**ब्यूरो**



**दुमका।** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान आज शनिवार को दुमका आएंगे। वे शहर के कन्वेंशन हॉल में राज्यभर के जिलों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वे स्टेट लेवल लीगल सर्विसेज कम एंपावरमेंट कैंप में भी भाग लेंगे। शुक्रवार को इस बाबत दुमका व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि ने बताया कि इस कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही लोगों को विधिक जागरूकता के लिए कानूनी जानकारी प्रदान की जाएगी और सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर चीफ जस्टिस के साथ झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, आनन्दा सेन और प्रदीप कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने जानकारी दी की जिला प्रशासन ने भी इस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी को ड्यूटी में सजग रहने के आदेश दिए हैं।

# लेयर फार्मिंग से आत्मनिर्भर बन रहीं ग्रामीण महिलाएं

**ब्यूरो**

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर प्रखंड की ग्रामीण महिलाओं के लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा शुरू की गई एक नई पहल, इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर परियोजना, आजीविका का सशक्त माध्यम बन रही है। इस परियोजना के तहत, पीपरजोरिया, गाड़ियापानी और मझदीहा गांवों में आधुनिक लेयर फार्मिंग अंडा उत्पादन के लिए मुर्गी पालन की शुरुआत की गई है, जिससे स्थानीय महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।



परियोजना के प्रथम चरण में तीन महिला किसानों में शांति सोरेन सोरेन, मुन्नी हांसदा और मरियम सोरेन के साथ मिलकर काम शुरू किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी के लिए बी.वी.-300 नस्ल की 100 मुर्गियों पर आधारित एक आधुनिक लेयर फार्मिंग यूनिट स्थापित की गई है। शेड और केज का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद, चूजों का पालन-पोषण शुरू किया गया था। उचित तकनीकी मार्गदर्शन और देखभाल के कारण, अब इन यूनिटों में अंडा उत्पादन भी सफलतापूर्वक प्रारंभ हो चुका है। यह परियोजना ग्रामीण महिलाओं को सतत आजीविका से जोड़ने, उनकी घरेलू आय बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर अंडे की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेएसएलपीएस द्वारा इस परियोजना में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ-साथ उचित बाजार संपर्क और आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों ने अपनी कला और विज्ञान परियोजनाओं से जीता दिल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** संत जोसेफ स्कूल में शुक्रवार को साइंस और आर्ट एग्ज़ीबिशन का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दुमका डाइसिस के सेक्रेटरी रेवरेंड फादर कॉर्नेलिअस हेंब्रम, विद्यालय के प्राचार्य फादर आलोक तथा उप-प्राचार्य फादर रुफस बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इसके बाद बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फादर कॉर्नेलिअस ने सेल्फी प्वाइंट का फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक एवं कलात्मक मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में नवाचार की प्रतिभा काबिले-तारीफ है। प्रदर्शनी में पेरेंट्स और आगंतुकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। क्रामेल स्कूल, सेक्रेड हार्ट और संत जेवियर मोहारो जैसे अन्य विद्यालयों से आए छात्र-शिक्षक भी बच्चों की प्रतिभा देखकर हैरान रह गए। शिक्षकों की टीम अनुपम दास, समीर सिंह, नीरज सिंह, विजय आनंद, इलयास एक्का, आनंद मोहन, संजय मित्रा, तथा महिला शिक्षिकाओं में ममता हेंब्रम, मिथुन राय, पॉलिना हेंब्रम, क्रिस्टीना, निभा सहाय, सुनीता मिस का इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। साइंस मॉडल्स में बच्चों ने कई अनोखे प्रोजेक्ट तैयार किए। इसरो एयरोस्पेस मिसाइल प्रक्षेपण मॉडल को देखकर आगंतुक लगातार सेल्फी लेते दिखे। वहीं कुछ छात्रों ने पूरा संत जोसेफ स्कूल ही हूबहू अपने प्रोजेक्ट में उतार दिया, जिसे बनाकर वर्ग 10 की सुहाना, अनन्या और खुशी ने सबका ध्यान खींचा।

छात्रों के नवाचार में ब्लाइंड स्टिक विद सेंसर, सेंसर-आधारित रेलवे इंजन जैसे मॉडल शामिल थे, जो आपात स्थिति में खतरा भांपकर स्वचालित रूप से रुक जाते हैं। इन प्रोजेक्ट्स ने सभी को खासा प्रभावित किया।

संत जोसेफ स्कूल की यह प्रदर्शनी रचनात्मकता, विज्ञान और कला का शानदार संगम साबित हुई।

## दुमका चैम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव रविवार को, नई टीम चुने जाने की तैयारी

**दुमका।** दुमका चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का चुनाव रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह चुनाव सत्र 2026-28 के लिए नई टीम के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष चुनने के लिए किया जाएगा। चुनाव को निष्पक्ष और विधिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर सियाराम घिड़िया को चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही संजय भालोटिया एवं अजित दारूका को सह-चुनाव पदाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए समय पर उपस्थित हों और नए नेतृत्व के चयन में भाग लें।

## दीपांकर चक्रवर्ती को मिली दो राज्यों की मास्टर ट्रेनर की जिम्मेदारी



**दुमका।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में आयोजित हो रही सफल के.एस.ए. परीक्षा 2025-26 के सुचारू संचालन के लिए सिदो कान्हू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रघुनाथपुर के कंप्यूटर विभाग के वरिष्ठ शिक्षक दीपांकर चक्रवर्ती को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। चक्रवर्ती को 8 दिसंबर से पेन-पेपर मोड में आयोजित हो रही इस परीक्षा के लिए बिहार और झारखंड के 29 विद्यालयों का मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और अनुभव के कारण यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो रही है। विद्यालय परिवार ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी और प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी ने चक्रवर्ती को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता और अनुशासन पूरे संस्थान के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। साथ ही, उन्होंने आशा व्यक्त की कि चक्रवर्ती अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते रहेंगे और विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## डीडीसी ने कार्य में गति लाने और लाभुक चयन समय पर पूरा करने का दिया आदेश



**दुमका।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने किसानों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर पहुंचाने के लिए विभागों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि, उद्यान, आत्मा, पशुपालन, मत्स्य और भूमि संरक्षण से जुड़े सभी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसानों को जागरूक करना और योजनाओं का सही उपयोग सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी गतिविधियों के लिए विभागीय कैलेंडर तैयार करने और ब्लॉक स्तर पर सॉयल टेस्टिंग के सैंपल संग्रहण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना का लक्ष्य पूरा हो चुका है। आत्मा परियोजना में बीज वितरण, प्रशिक्षण और एक्सपोज़र विज़िट की रूपरेखा शीघ्र तैयार करने का निर्देश दिया गया। उद्यान विभाग में स्ट्रॉबेरी, अदरक, हल्दी, फूल और सब्जी की खेती के लिए लाभुक चयन प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया। पशुपालन विभाग में शेड निर्माण और परिसंपत्तियों के वितरण की समीक्षा की गई। लाभुकों को अंशदान जमा कराने और योजना से जोड़ने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। अंशदान न होने पर अन्य पात्र लाभुकों का चयन करने का भी आदेश दिया गया। मत्स्य और भूमि संरक्षण विभाग में मछली पालन, हैंडपंप, मिनी ट्रैक्टर और सोलर पंप जैसी परिसंपत्तियों के लिए लाभुक चयन समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों से योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से किसानों तक पहुँचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

## तीन-दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**रानीश्वर( दुमका)।** भारत सेवाश्रम संघ, पाथरा द्वारा संचालित स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर में शुक्रवार से वार्षिक तीन-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 12, 13 और 15 दिसम्बर 2025 तक विद्यालय स्टेडियम में चलेगी।विद्यालय को 8 समूहों में बांटा गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और मशाल दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। उद्घाटन समारोह में पाथरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्री विश्वनाथ माल पहाड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल मंडल, +2 उच्च विद्यालय के शिक्षक शीतलेश्वर हांसदा एवं प्रेमचंद बेसरा सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिनन्दन मुर्मू और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद थे। पहले दिन 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद और भाला फेंक जैसी प्रमुख स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और खेल मैदान में जोश का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यालय खुला

**दुमका।** 22 से 25 दिसंबर तक यज्ञ मैदान दुमका में आयोजित होने वाले 51 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को व्यवस्थित रूप देने के लिए जन पुस्तकालय में एक कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया है। कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को रामकृष्ण आश्रम के प्रमुख विश्वात्मानंद जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी प्रमोद कुमार ने बताया कि विराट महायज्ञ के लिए भूमिपूजन रविवार को सुबह 10 बजे होगा। महायज्ञ का शुभारंभ 22 दिसंबर को मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ होगा, जिसमें 1100 महिलाएं व कन्याएं हिस्सा लेंगी। यात्रा खूंटाबांध से जल लेकर यज्ञ मैदान वापस पहुंचेगी। 23 से 25 दिसंबर तक तीनों दिन सुबह 8 बजे से देवपूजन और हवन यज्ञ आयोजित होगा, जिसमें मुख्य यजमानों के जोड़े हवन कुंडों में आहुतियां देंगे। 22 दिसंबर की शाम 5 बजे से हरिद्वार से आए विद्वान पंडितों द्वारा युग संगीत और प्रवचन कार्यक्रम होगा। कार्यालय खुलने के साथ ही इस विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर दुमका में उत्साह का माहौल बन गया है।

## रानीश्वर कॉलेज में छात्रों के लिए कार्यशाला



**रानीश्वर (दुमका)।** रानीश्वर कॉलेज में एफवाईयूजीपी सेमेस्टर 5, सत्र 2022-26 के छात्रों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। यह कार्यक्रम 8, 10 और 12 दिसंबर को आयोजित किया गया था। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नव कुमार पाल ने की और छात्रों को पढ़ाई में गंभीरता और निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जंतु विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर माजिद नदीम अहसन ने ÷प्रोजेक्ट वर्क के सिद्धांत, प्रक्रिया और महत्व÷ पर विस्तृत प्रस्तुति दी और प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों की शंकाओं का समाधान किया। इंटर्नशिप प्रोजेक्ट वर्क सेल की समन्वयक डॉ. रूपम कुमारी ने छात्रों को प्रोजेक्ट वर्क को गंभीरता से लेने की सलाह दी और बताया कि इसे जमा न करने पर परीक्षाफल रोका जा सकता है। कार्यक्रम में हिंदी, वाणिज्य, गणित, वनस्पति, राजनीति, भौतिकी, इतिहास और रसायन विभाग के कई प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला ने छात्रों में प्रोजेक्ट वर्क और अध्ययन के प्रति नई जागरूकता और उत्साह पैदा किया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686